म्ह या बात फैलगी के वो चेल्ला कोनी मरैगा, फेरभी यीशु नै
उसतै न्यू कोनी कह्या के वो कोनी मरैगा, पर यो के, “जै मै चाहूँ
के वो मेरै आण ताहीं रुक्या रहवै, तो तन्नै इसतै के?” 24
यो वोए चेल्ला सै जो इन बात्तां की गवाही देवै सै अर जिसनै
इन बात्तां ताहीं लिख्या सै, अर हमनै बेरा सै के उसकी गवाही
साच्ची सै। 25 और भी घणेए काम सै, जो यीशु नै करे, जै वे
एक-एक करकै लिखे जान्दे, तो मै समझू सूं के किताब जो
लिक्खी जान्दी वा दुनिया म्ह भी कोनी समान्दी।

# प्रेरितों के काम

1 हे थियुफिलुस, मन्नै पैहल्ड़ी किताब उन सारी बात्तां कै
बारें म्ह लिक्खी, जो यीशु शरु तै लेकै सुर्ग म्ह ठाए जाण
तक करदा अर सिखान्दा रहया, 2 पर यीशु ताहीं परमेसवर
के जरिये सुर्ग म्ह उठाए जाण तै पैहले उसनै अपणे चुणे होए
प्रेरितां ताहीं पवित्र आत्मा के जरिये हुकम दिया। 3 यीशु के
दुख ठाण कै पाच्छै उन प्रेरितां कै स्याम्ही भोत-से पक्के सबूत
दिखाए के वो जिन्दा सै, अर वो चाळीस दिन तक उननै दिखदा
रहया, अर परमेसवर के राज्य की बात करदा रहया। 4 अर एक
दिन मसीह यीशु नै उनतै कठ्ठे करकै उन ताहीं हुकम दिया,
"यरुशलेम नगर नै ना छोड्डो, पर पिता की उस प्रतिज्ञा की पूरे
होण की बाट देखदे रहो, जिसका जिक्र थम मेरै तै सुण चुके
सो। 5 क्यूँके यूहन्ना नै तो पाणी तै बपतिस्मा दिया सै पर थोड़े
दिनां पाच्छै थम पवित्र आत्मा तै बपतिस्मा पाओगे।" 6 चेल्लें
जिब यीशु तै दुबारा मिले तो उननै उसतै बुझ्झया, "हे प्रभु, के
वो बखत आ ग्या सै, के तू इस्राएल ताहीं छुड़वा कै उसनै दुबारा
बसाकै राजा के रूप म्ह सब पै शासन करैगा।" 7 उसनै उनतै
कह्या, "उस बखत या युगा ताहीं, जिन ताहीं पिता नै अपणे
अधिकार म्ह कर राख्या सै, उननै जाणणा थारा काम कोनी। 8
पर जिब पवित्र आत्मा थारे पै आवैगा फेर थम सामर्थ पाओगे,
अर यरुशलेम नगर अर सारे यहूदिया और सामरिया परदेसां
म्ह, अर धरती कै सिरे ताहीं मेरे बारें म्ह गवाही द्योगे।" 9 न्यू
कहकै यीशु उनकै देखदे-देखदे परमेसवर के जरिये उप्पर ठा
लिया गया, अर बाद्दळ नै उस ताहीं उनकी आँखां तै लह्को
लिया। 10 उसकै जान्दे बखत जिब वे अकास की ओड़ देक्खै
थे, तो देक्खो, चाणचक दो माणस धोळे लत्ते पहरे ओड़ उनकै
लोवै आण खड़े होए, 11 अर उनतै कह्या, "हे गलील परदेस के
माणसों, थम खड़े अकास कान्ही क्यांतै लखाओ सो? योए
यीशु, जो परमेसवर के जरिये थारे धोरै तै सुर्ग पै ठा लिया गया
सै, जिस तरियां तै थमनै उस ताहीं सुर्ग नै जान्दे देख्या उस्से
तरियां तै वो दुबारा आवैगा।" 12 जिब सुर्गदूत चले गये, तो
चेल्लें जैतून नाम के पहाड़ तै जो यरुशलेम नगर तै करीब आधै
कोस की दूरी पै सै, यरुशलेम नगर म्ह बोह्ड़े। 13 जिब वे
नगर पोहचे तो उस चुबारै पै गये, जित्त पतरस अर यूहन्ना अर
याकूब अर अन्द्रियास अर फिलिप्पुस अर थोमा अर बरतुल्मै
अर मत्ती अर हलफई का बेट्टा याकूब अर शमौन, जेलोतेस अर
याकूब का बेट्टा यहूदा ये सारे माणस ओड़ै थे। 14 ये सारे कई
बिरबानियाँ अर यीशु की माँ मरियम अर उसके भाईयाँ कै गेल्या
कठ्ठे होकै एक मन तै प्रार्थना म्ह लाग्गे रहे। 15 उन्हे दिनां म्ह
पतरस बिश्वासियाँ कै बिचाळै म्ह जो एक सौ बीस आदमियाँ कै
करीबन थे, खड्या होकै कहण लाग्या, 16 हे भाईयो, जरूरी था
के पवित्र ग्रन्थ का वो लेख पूरा हो जो पवित्र आत्मा नै दाऊद
के मुँह तै यहूदा कै बाबत, जो यीशु कै पकड़वाण आळा का
अगुवां था, पैहल्याए तै कह्या था। 17 क्यूँके वो तो म्हारै म्ह
गिण्या गया, अर इस सेविकाई म्ह साझ्झी होया। 18 "जिसा
थम जाणो सों (उसनै पाप की कमाई तै एक खेत मोल लिया,
अर सिर के बळ गिरया अर उसका पेट पाटग्या अर उसकी सारी
आन्दड़ी लिकड़गी। 19 इस बात ताहीं यरुशलेम नगर के सारे
रहणीये जाणगे, उरै ताहीं के उस खेत का नाम उनकी भाषा म्ह
'हक्कलदमा' यानिके 'लहू का खेत' पड़ग्या।)" 20 "दाऊद नै
भजन संहिता म्ह लिख्या सै, 'उसका घर उजड़ जावै, अर यो भी
लिख्या सै, के उस म्ह कोए न्ही बसै,' अर 'उसका पद कोए और
ले लेवै।'" 21 "इस करकै यो जरूरी सै के एक इसा माणस
छाट्या जावै, जो प्रभु यीशु के सारे काम्मां के हरेक बखत का
गवाह हो, प्रभु यीशु ताहीं यूहन्ना के जरिये बपतिस्मा दिये जाण
तै लेकै, सुर्ग म्ह स्वीकार किये जाण तक, 22 वो माणस म्हारे
गैल प्रभु यीशु के जिन्दा होण का गवाह बणै।" 23 फेर उननै
दो नाम सुझाए, एक यूसुफ जो बरसब्बा कुह्वावै था, जिसका
उपनाम यूसतुम सै, दुसरा मत्तियाह ताहीं, 24 अर या प्रार्थना
करी, "हे प्रभु, तू जो सारया के मनां नै जाणै सै, न्यू बता के इन
दोनुआ म्ह तै तन्नै किस ताहीं चुण्या सै, 25 के वो इस सेवा के
काम अर प्रेरितों की वा खाल्ली जगहां ले, जिसनै यहूदा छोड़कै
अपणी जगहां चल्या गया, जित्त उसनै जाणा चाहिए था।" 26
फेर उननै उनकै बाबत पर्ची गेरी, अर पर्ची मत्तियाह कै नाम
लिकड़ी। आखर वो उन ग्यारहां प्रेरितां कै गेल्या गिण्या गया।

2 यहूदियाँ के पिन्तेकुस्त त्यौहार के दिन, यीशु के चेल्लें एक
जगहां कठ्ठे थे। 2 चाणचक अकास तै तेज आँधी जिसी
आवाज आई, अर उसतै सारा घर जित्त वे बेठ्ठे थे, गूँजग्या। 3
अर उननै एक आग की लपट दिक्खी, जो जीभ के समान थी,
वा आग की लपट अलग-अलग होकै उन सब कै उप्पर आ
उतरी। 4 वे सारे पवित्र आत्मा तै भरगे, अर जो वरदान पवित्र
आत्मा नै उन ताहीं दिया, उसके मुताबिक वो अन्य-अन्य भाषा
बोल्लण लाग्गे। 5 उस बखत पूरी दुनिया की हरेक जात म्ह तै
यहूदी-भगत यरुशलेम नगर म्ह रहण लागरे थे। 6 जिब आँधी
जिसा शब्द गरजा, तो भीड़ लाग्गी अर आदमी घबरागे, क्यूँके
हर एक अपणी-अपणी भाषा म्ह चेल्यां ताहीं बोलदे सुणण
लागरे थे। 7 वे सारे हैरान अर अचम्भा करकै कहण लाग्गे,
"देक्खो, जो वे बोल्लण लागरे सै के सारे गलीलवासी कोनी? 8
तो यो के होण लागरया सै, के जो म्हारे म्ह तै हर एक इन ताहीं
अपणी-अपणी जन्म-भूमि की भाषा म्ह बात करते सुणै सै! 9
हम जो पारथी अर मेदी अर एलामी अर मेसोपोटामिया अर
यहूदिया अर कप्पदूकिया अर पुन्तुस अर आसिया परदेस, 10
कुछ फ्रुगिया, पंफूलिया परदेस अर कुछ मिस्र देश अर लीबिया
देश जो कुरेने नगर कै लोवै-धोरै सै, इन सारे देशां के रहण
आळे अर रोमी प्रवासी, 11 यानिके यहूदी माणस अर यहूदी
पंथ धारण करण आळे, क्रेतो दीप अर अरब देश के माणस
भी सै, पर अपणी-अपणी भाषा म्ह उनतै परमेसवर के बड़े-

बड़े काम्मां का जिक्र सुणै सै।” 12 अर वे सारे हैरान होए
अर घबराकै एक-दुसरे तै कहण लाग्गे, “यो के होण लागरया
सै?” 13 पर औरां नै मखौल करकै कह्या, “वे तो नई मदिरा कै
नशै म्ह चूर सै।” 14 जिब पतरस उन ग्यारहां प्रेरितां कै गेल्या
खड्या होया, अर ठाड्डू आवाज म्ह बोल्या, “हे यहूदिवासियों
अर हे यरुशलेमवासियों, न्यू जाण ल्यो, अर कान लाकै मेरी
बात सुणो।” 15 जिसा थम समझरे सो, ये आदमी नशै म्ह
कोनी, क्यूँके इब्बे दिन के नौ बजे सै। 16 जो थम म्हारै साथ
होते होए देखण लागरे सों, यो योएल नबी कै जरिये कही गई
भविष्यवाणी का पूरा होणा सै। 17 “‘परमेसवर कहवै सै, के
अन्त के दिनां म्ह इसा होवैगा के मै अपणा आत्मा सारे माणसां
ताहीं दियुँगा,’ अर थारे बेट्टे अर थारी बेट्टी भविष्यवाणी करैगी,
अर थारे जवान दर्शन देखैगें, अर थारे बुजुर्ग सपना देक्खैगें।”
18 उन दिनां म्ह, मै अपणे दास्सां, अर दासियाँ ताहीं अपणी
आत्मा दियुँगा, अर वे भविष्यवाणी करैगें। 19 अर मै उप्पर
अकास म्ह अनोक्खे काम अर तळै धरती पै निशान, यानिके
लहू अर आग अर धुम्मै का बाद्दळ दिखाऊँगा। 20 प्रभु के महान्
अर तेजस्वी दिन कै आण तै पैहल्या सूरज अँधेरा अर चाँद लहू-
सा हो जावैगा। 21 अर जो कोए प्रभु का नाम लेवैगा, उसका
उद्धार होवैगा। 22 “हे इस्राएलियों, इन बात्तां नै सुणो यीशु
नासरी एक माणस था जिसका परमेसवर की ओड़ तै होण का
सबूत उन सामर्थ के काम्मां अर हैरानी के काम्मां अर चमत्कारां
तै जाहिर सै, जो परमेसवर नै थारे बिचाळै उसकै जरिये कर
दिखाए जिसकै बारै म्ह थमनै खुदे बेरा सै। 23 उस्से यीशु ताहीं,
जो परमेसवर की ठहराई होई योजना अर पूर्व ज्ञान कै मुताबिक
पकड़वाया गया, थमनै अधर्मियाँ के हात्थां तै क्रूस पै चढ़ाकै
उस ताहीं मार दिया। 24 पर उस्से ताहीं परमेसवर नै मौत के
बन्धनां तै छुड़ाकै जिन्दा करया, क्यूँके यीशु ताहीं अपणे बस
म्ह राखणा मौत खात्तर असम्भव था।” 25 राजा दाऊद यीशु
कै बारै म्ह कहवै सै, “मै प्रभु नै सारी हाण अपणे धोरै देख्दा
रहया क्यूँके वो मेरी सोळी ओड़ सै, मै उनतै न्ही डरूँगा जो
लोग मेरा नुकसान करणा चाहवै सै।” 26 इस्से कारण मेरा मन
आनन्दित होया, अर मै खुशी तै गाऊँगा, बल्के मेरी आस भी
उस्से म्ह बणी रहवैगी। 27 क्यूँके तू मेरै प्राणां नै अधोलोक म्ह
कोनी छोड्डैगा, अर ना अपणे पवित्र माणस नै सड़ण देवैगा।
(Hadēs g86) 28 “तन्नै मेरै ताहीं जीण का राह बताया सै, तू
मन्नै दर्शन कै जरिये आनन्द तै भर देवैगा।” 29 “हे भाईयो, मै
कुलपति राजा दाऊद कै बारै म्ह थारे तै हिम्मत करकै कहूँ सूं
के वो तो मरग्या अर गाड्या भी गया अर उसकी कब्र आज
ताहीं म्हारै उरै न्यू-की-न्यू सै। 30 वो नबी था अर उसनै बेरा था
के परमेसवर नै मेरै तै वादा करया सै के मै तेरी पीढ़ी म्ह तै
एक माणस नै तेरे सिंहासन पै बिठाऊँगा, 31 उसनै होण आळी
बात ताहीं पैहल्याए तै देखकै मसीह के जिन्दा उठण कै बारै म्ह
भविष्यवाणी करी के ना तो उसका प्राण अधोलोक म्ह छोड्या
गया अर ना उसकी देह सड़ण पाई। (Hadēs g86) 32 इस्से यीशु
ताहीं परमेसवर नै जिन्दा करया, जिसके हम सारे गवाह सां। 33
इस तरियां परमेसवर के सोळे हाथ पै सबतै ऊँच्चा पद पाकै,
अर पिता तै वो पवित्र आत्मा पाकै जिसका वादा लिया गया
था, उसनै यो उण्डेल दिया सै जो थम देक्खो अर सुणो सो। 34
क्यूँके दाऊद तो सुर्ग पै कोनी चढ्या, पर वो खुद कहवै सै,
‘प्रभु परमेसवर नै मेरे प्रभु तै कह्या,’ मेरै सोळी ओड़ नै बैठ, 35
“जिब ताहीं के मै तेरे बैरियाँ नै तेरे कदमां तळै ना झुका दियुँ।”
36 “आखर इस्राएल का सारा खानदान पक्की तरियां तै जाण
लेवै के परमेसवर नै उस्से यीशु ताहीं जिस ताहीं थमनै क्रूस पै
चढ़ाया, प्रभु भी ठहराया अर मसीह भी।” 37 जिब माणसां नै
यो सुण्या, तो बिश्वास होग्या था के उननै गलत काम करया सै,
अर वे पतरस अर बाकी प्रेरितां तै बुझ्झण लाग्गे, “हे भाईयो,
हम के करा?” 38 पतरस नै उनतै कह्या, “पाप करणा छोड़ द्यो,
अर थारे म्ह तै हरेक अपणे-अपणे पापां की माफी कै खात्तर
यीशु मसीह कै नाम तै बपतिस्मा लेवै, जिब थम पवित्र आत्मा
का दान पाओगे। 39 क्यूँके या प्रतिज्ञा थम, अर थारी ऊलादां,
अर उन सारे दूर-दूर के आदमियाँ खात्तर भी सै जिन ताहीं प्रभु
म्हारा परमेसवर अपणे धोरै बुलावैगा।” 40 पतरस नै कई और
बात्तां तै, भी गवाही दे-देकै समझाया के अपणे-आपनै इस टेढ़ी
जात तै बचाओ। 41 आखर जिननै उसके वचन पै बिश्वास करकै
बपतिस्मा लिया, अर उस्से दिन तीन हजार माणसां कै करीबन
उन म्ह मिलगे। 42 जिननै पतरस के वचन पै बिश्वास करया, वे
प्रेरितां तै शिक्षा लेन्दे, अर संगति राखदे, अर रोट्टी तोड़ण, अर
प्रार्थना करण म्ह मग्न रहे। 43 अर सारे के यरुशलेम माणस
डरगे, अर घणे अनोक्खे काम अर चमत्कार प्रेरितां कै जरिये
जाहिर होवै थे। 44 अर सारे बिश्वास करणीये कठ्ठे रहवै थे, अर
उनकी सारी चीज साझे म्ह थी। 45 वे अपणी-अपणी जायदाद
अर सामान बेच-बेचकै जिसकी जरूरत होवै थी बांड दिया करै
थे। 46 वे हरेक दिन एक मन होकै मन्दर म्ह कठ्ठे होवै थे, घर-
घर रोट्टी तोड़दे होए खुशी अर मन की सीधाई तै खाणा खावै थे,
47 अर परमेसवर की जय-जयकार करै थे, अर सारे माणस
उनतै राज्जी थे जो उद्धार पावैं थे, उन ताहीं प्रभु हरेक दिन उन
म्ह मिला देवै था।

3 पतरस अर यूहन्ना दोफाहरै के तीन बजे पाच्छै प्रार्थना कै
बखत मन्दर म्ह जाण लागरे थे। 2 अर माणस एक जन्म तै
लंगड़े नै ल्यावै थे, जिस ताहीं वे हरेक दिन मन्दर कै बाहरणै पै
जो सुन्दर नामक फाटक कुह्यावै सै, बिठा देवै थे, के वो मन्दर
म्ह जाण आळा तै भीख माँग्गै। 3 जिब उसनै पतरस अर यूहन्ना
ताहीं मन्दर म्ह जान्दे देख्या, तो उनतै भीख माँगी। 4 पतरस नै
यूहन्ना कै गेल्या उसकी ओड़ गौर तै देखकै कह्या, “म्हारी ओड़
लखा!” 5 आखर वो उनतै कुछ पाण की आस राखते होए
उनकी ओड़ लखाण लाग्ग्या। 6 फेर पतरस नै कह्या, “चाँदी
अर सोन्ना तो मेरै धोरै सै न्ही, पर जो मेरै धोरै सै वो तन्नै दियुँ

सूं, यीशु मसीह नासरी कै नाम तै उठ अर चाल-फिर।" 7
पतरस नै उसका सोळा हाथ पकड़कै उस ताहीं ठाया, अर जिब्बे
उसके पायां अर टाखणयां म्ह ताकत आगी। 8 वो उछळते-
कूदते खड्या होग्या अर चाल्लण-फिरण लाग्या, अर चाल्दा,
अर कुद्दा, अर परमेसवर की जय-जयकार करदा होया उनकै
गेल्या मन्दर म्ह गया। 9 सारे आदमियाँ नै उस ताहीं चाल्दे-
फिरदे अर परमेसवर की जय-जयकार करदे होए देखकै, 10
उस ताहीं पिच्छाण लिया के यो वोए सै जो मन्दर कै "सुन्दर"
नामक फाटक पै बैठकै भीख मांग्या करै था, अर उस घटना
तै जो उसकै गेल्या होई थी वे घणे अचम्भित अर हैरान होए।
11 जिब वो पतरस अर यूहन्ना ताहीं पकड़े होए था, तो सारे
माणस घणे हैरान होन्दे होए उस बराम्दा म्ह जो सुलैमान का
कुह्वावै सै, उनकै धोरै भाज्जे आये। 12 न्यू देखकै पतरस नै
माणसां तै कह्या, "हे इस्राएलियों, थम इस माणस पै क्यांतै
हैरान होवो सो, म्हारी ओड़ क्यांतै इस ढाळ लखाओ सों, के
मान्नो हमनै-ए अपणी सामर्थ या भगति तै इस ताहीं चाल्लण-
फिरण जोग्गा बणा दिया। 13 अब्राहम अर इसहाक अर याकूब
के परमेसवर, म्हारे पूर्वजां के परमेसवर नै अपणे सेवक यीशु
मसीह की महिमा करी, जिस ताहीं थमनै पकड़वा दिया, अर
जिब राज्यपाल पिलातुस नै उस ताहीं छोड़ देण का विचार
करया, फेर थमनै उसकै स्याम्ही उसका इन्कार करया। 14
थमनै उस धर्मी अर पवित्र का इन्कार करया, अर बिनती करी
के एक खूनी ताहीं थारे खात्तर छोड़ दिया जावै, 15 अर थमनै
अनन्त जीवन के कर्ता ताहीं मार दिया, जिस ताहीं परमेसवर नै
मरे होया म्ह तै जिन्दा करया, अर इस बात के हम गवाह सां। 16
मसीह यीशु कै नाम म्ह बिश्वास कै कारण इस माणस नै जिसनै
थम जाणो सों, जिसनै थम इस बखत देक्खण लागरे सों, उस
ताहीं ताकत दी सै, यो माणस यीशु के नाम म्ह अर मसीह यीशु
पै बिश्वास के जरिये कती भला चंगा होया सै, जिसा के थम खुद
देख सको सों।" 17 "इब हे भाईयो, मन्नै बेरा सै के थमनै अर
थारे अगुवां नै यो काम अज्ञानता म्ह करया, क्यूँके थम न्ही
जाणो थे के वो मसीह सै। 18 पर जिन बात्तां ताहीं परमेसवर नै
सारे नबियाँ के मुँह तै पैहल्याए तै बता दिया था, के उसका
मसीह दुख ठावैगा, उन ताहीं उसनै इस्से ढाळ पूरा करया। 19
इस करकै, पाप करणा छोड़ द्यो अर बोहड़ आओ के थारे पाप
मिटाए जावै, जिसतै प्रभु के स्याम्ही तै सुख-चैन के दिन आवै,
20 अर वो यीशु ताहीं भेज्जै, जो थारे खात्तर पैहल्या तै ए मसीह
ठहराया गया सै। 21 जरूरी सै के वो सुर्ग म्ह उस बखत ताहीं
रहवै जिब ताहीं के वो सारी बात्तां का सुधार ना कर लेवै जिसका
जिक्र पुराणे बखत तै परमेसवर नै अपणे पवित्र नबियाँ के मुँह
तै करया सै। (aiōn g165) 22 जिस ढाळ के मूसा नबी नै कह्या,
'परमेसवर थारे भाईयाँ म्ह तै थारे खात्तर मेरै जिसा एक नबी
भेज्जैगा, जो किमे वो थारे तै कहवै उसकी सुणीयो।' 23 पर
हरेक माणस जो उस नबी की न्ही सुणै, आदमियाँ म्ह तै नाश
करया जावैगा।" 24 "अर शमूएल तै लेकै उसकै पाच्छै आळा
ताहीं जितने नबी बोल्ले उन सारया नै इन दिनां का सन्देशा
दिया सै। 25 थम सारे नबियाँ की ऊलाद अर उस करार के
हिस्सेदार सो, जो परमेसवर नै थारे बाप-दाद्यां तै करया, जिब
उसनै अब्राहम तै कह्या, 'तेरी पीढ़ी के जरिये धरती के सारे
खानदान आशीष पावैगें।' 26 परमेसवर नै अपणे सेवक ताहीं
मरे होया म्ह तै ठाकै सब तै पैहल्या थारे धोरै भेज्या, के थारे म्ह
तै हरेक ताहीं उसकी बुराईयाँ तै पलटा कै आशीष देवै।"

**4** जिब वे आदमियाँ तै न्यू कहण लागरे थे, तो याजक अर
मन्दर के सरदार अर सदूकी दल के लोग उनपै चढ़ आये। 2
क्यूँके वे घणे खुन्दक म्ह थे के वे आदमियाँ ताहीं सिखावै थे,
अर यीशु का उदाहरण दे-देकै प्रचार करै थे, के परमेसवर मुर्दां नै
एक दिन जिन्दा करैगा जिसा उसनै यीशु ताहीं करया। 3 उननै
उन ताहीं बन्दी बणाकै दुसरे दिन तक हवालात म्ह राख्या क्यूँके
साँझ होग्यी थी। 4 पर वचन के सुणण आळा म्ह तै घणाए
नै बिश्वास करया, अर उनकी गिणती पाँच हजार माणसां कै
करीबन होग्यी थी। 5 दुसरे दिन इसा होया के उनके सरदार,
यहूदी अगुवें, शास्त्री 6 अर महायाजक हन्ना, कैफा, यूहन्ना,
सिकन्दर अर जितने महायाजक के कुण्बे के थे, सारे यरुशलेम
नगर म्ह एक जगहां कठ्ठे होए। 7 वे उन ताहीं बिचाळै खड्या
करकै बुझ्झण लाग्गे के थमनै यो काम किसकै सामर्थ तै अर
किसकै नाम तै करया सै। 8 फेर पतरस नै पवित्र आत्मा तै
भरकै उनतै कह्या, 9 "हे माणसां के सरदारो अर यहूदी अगुवों,
इस कमजोर माणस गेल्या जो भलाई करी गयी सै, जै आज
म्हारै तै उसकै बारै म्ह पूछताछ करी जावै सै, के वो किस ढाळ
ठीक होया।" 10 तो थम सारे अर सारे इस्राएली आदमी जाण
लेवै के यीशु मसीह नासरी कै नाम तै जिस ताहीं थमनै क्रूस
पै चढ़ाया, अर परमेसवर नै मरे होया म्ह तै जिन्दा करया, यो
माणस थारे स्याम्ही भला-चंगा खड्या सै। 11 यीशु मसीह ए वो
पत्थर सै जिस ताहीं थम राजमिस्त्रियाँ नै नकार दिया, अर वो
सिरे का पत्थर होग्या। 12 "यीशु के अलावा किसे दुसरे नाम म्ह
उद्धार कोनी, क्यूँके सुर्ग कै तळै माणसां म्ह और कोए दुसरा
नाम कोनी दिया गया, सिर्फ यीशु के जरिये हम उद्धार पा सकां
सां।" 13 जिब उननै पतरस अर यूहन्ना की हिम्मत देक्खी, अर
न्यू बेरा लाग्या के ये अनपढ़ अर साधारण सा माणस सै, तो
अचम्भा करया, फेर उन ताहीं पिच्छाण्या के ये यीशु कै गेल्या
रहे सै। 14 उस माणस ताहीं जो ठीक होया था, पतरस अर
यूहन्ना कै गेल्या खड़े देखकै, वे बिरोध म्ह किमे न्ही कह सके।
15 पर उन ताहीं यहूदी अगुवां की सभा तै बाहर जाण का हुकम
देकै, वे आप्पस म्ह विचार करण लाग्गे, 16 "हम इन माणसां
कै गेल्या के करा? क्यूँके यरुशलेम नगर के सारे रहणीया नै
बेरा पाटरया सै, के इनकै जरिये एक मशहुर चमत्कार दिखाया
गया सै, अर हम उसकै बारै म्ह नाट न्ही सकदे। 17 पर माणसां
म्ह इस सुसमाचार का और घणा प्रसार ना हो।" 18 फेर उन

ताहीं बुलाया अर चेतावनी देकै न्यू कह्या, “यीशु कै नाम पै ना
तो वे चर्चा करै अर ना सिखाइयो।” 19 पर पतरस अर यूहन्ना
नै उन ताहीं जवाब दिया, “थमे न्याय करो, के यो परमेसवर
कै धोरै भला सै के हम परमेसवर की बात तै बढ़कै थारी बात
मान्नां। 20 क्यूँके यो तो म्हारै तै न्ही हो सकदा के जो हमनै
देख्या अर सुण्या सै, वो न्ही कह्वां।” 21 फेर उननै उन ताहीं और
धमकाकै छोड़ दिया, क्यूँके आदमियाँ कै कारण उन ताहीं सजा
देण का कोए मौक्का न्ही मिल्या, इस करकै के जो घटना होई
थी उसकै कारण सारे आदमी परमेसवर की बड़ाई करै थे। 22
वो माणस जो अचम्भे के काम तै ठीक होया था, चाळीस बरस
तै घणी उम्र का था। 23 वे छूट कै अपणे साथियाँ कै धोरै आए,
अर जो किमे प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां नै उनतै कह्या था,
उन ताहीं सुण्या दिया। 24 न्यू सुणकै उननै एक मन होकै ठाड्डू
आवाज तै परमेसवर तै कह्या, “हे माल्लिक,” तू वोए सै जिसनै
सुर्ग अर धरती अर समुन्दर अर जो किमे उन म्ह सै बणाया सै।
25 तन्नै पवित्र आत्मा के जरिये अपणे सेवक म्हारे पूर्वज दाऊद
के मुँह तै कह्या, “गैर यहूदियाँ नै रोळा क्यांतै मचाया? अर देश-
देश के माणसां नै क्यांतै बेकार म्ह बात सोच्ची?” 26 प्रभु अर
उसके अभिषिक्त के बिरोध म्ह धरती के राजा खड़े होए, अर
हाकिम एक सेत्ती कठ्ठे होए। 27 “क्यूँके साच्चए तेरे सेवक
यीशु कै बिरोध म्ह, जिसका तन्नै अभिषेक करया, हेरोदेस अर
पुन्तियुस पिलातुस भी गैर यहूदियाँ अर इस्राएलियाँ कै गेल्या
इस नगर म्ह कठ्ठे होए, 28 के जो किमे पैहल्या तै तेरी सामर्थ
अर बुद्धि तै ठहरा था वोए करै। 29 इब हे प्रभु, उनकी धमकियाँ
नै सुण, अर अपणे दास्सां ताहीं यो वरदान दे के तेरा वचन
बड़ी हिम्मत तै सुणावै। 30 ठीक करण कै खात्तर तू अपणा
हाथ बढ़ा के चमत्कार अर अनोक्खे काम तेरे पवित्र सेवक
यीशु कै नाम तै करे जावै।” 31 जिब उननै प्रार्थना कर ली, तो
वा जगहां जित्त वे कठ्ठे थे काम्बगी, अर वे सारे पवित्र आत्मा
तै भरगे, अर परमेसवर का वचन हिम्मत तै सुणान्दे रहे। 32
बिश्वास करण आळा का टोळ एक चित्त अर एक मन का था,
उरै ताहीं के कोए भी अपणी सम्पत्ति अपणी न्ही कहवै था, पर
सारा किमे साझै म्ह था। 33 प्रेरित बड़ी सामर्थ तै प्रभु यीशु के
जिन्दा होण की गवाही देन्दे रहे, अर उन सारया पै घणा अनुग्रह
था। 34 अर उन बिश्वासियाँ म्ह कोए भी गरीब कोनी था, क्यूँके
जिनकै धोरै धरती या घर थे, वे उननै बेच-बेचकै, बिकी होई
चिज्जां का दाम ल्यावै थे, अर उस ताहीं प्रेरितां के पायां म्ह धरै
थे। 35 अर जिसी जिसकी जरूरत होवै थी, उसकै मुताबिक
हरेक ताहीं बांड दिया करै थे। 36 यूसुफ नाम का साइप्रस टापू
का एक लेवी था जिसका नाम प्रेरितां नै बरनबास (यानिके
उत्साहित करण आळा) धरया था। 37 उसकी किमे धरती थी,
जिस ताहीं उसनै बेच्या, अर दाम के रपिये प्रेरितां के पायां म्ह
धर दिए।

**5** हनन्याह नाम का एक माणस अर उसकी घरआळी सफीरा
नै अपणी कुछ जमीन बेच्ची। 2 अर उसकै दाम म्ह तै कुछ
अपणे खात्तर राख लिया, अर या बात उसकी घरआळी भी
जाणै थी, उसका एक हिस्सा ल्याकै प्रेरितां के पायां म्ह धर
दिया। 3 पतरस बोल्या, “हे हनन्याह! शैतान नै तेरे मन म्ह
या बात क्यांतै घाल्ली के तू पवित्र आत्मा तै झूठ बोल्लै, अर
जमीन के दाम म्ह तै किमे राख लेवै? 4 के बेचण तै पैहल्या वा
जमीन तेरी कोनी थी? अर जिब बिकगी तो उस धन पै तेरा
हक कोनी था? तन्नै या बात अपणे मन म्ह क्यांतै सोच्ची?
तन्नै माणसां तै न्ही, पर परमेसवर तै झूठ बोल्या सै।” 5 या
बात सुणदे हनन्याह जमीन पै गिर पड्या अर जी लिकड़ग्या,
सारे सुणण आळे घणे डरगे। 6 फेर जवानां नै उठकै उसकी
लाश ताहीं कपड़े म्ह लपेटा अर बाहरणै ले जाकै गाड़ दिया।
7 करीबन तीन घंटा कै पाच्छै उसकी घरआळी, जिसनै बेराए
कोनी था जो किमे होया था, भीत्तर आई। 8 फेर पतरस नै
उसतै कह्या, “मन्नै बता के थम दोनुआं नै वा जमीन इतनै म्ह
बेच्ची थी?” वा बोल्ली, “हाँ, इतनै ए म्ह।” 9 पतरस नै उसतै
कह्या, “या के बात सै के थम दोनुआं नै प्रभु की आत्मा ताहीं
परखण खात्तर एक्का करया? लखा, तेरे धणी नै गाड्डुण आळे
बाहरणै ए खड़े सै, अर तन्नै भी बाहरणै ले जावैंगे।” 10 फेर वा
जिब्बे उसकै पायां म्ह गिर पड़ी, अर जी लिकड़ग्या, अर जवानां
नै भीत्तर आकै उस ताहीं मरया पाया, अर बाहरणै ले जाकै
उसकै धणी कै धोरै ए उस ताहीं भी गाड़ दिया। 11 यरुशलेम
की सारी कलीसिया अर इन बात्तां के सारे सुणनियें भोत घणे
डरगे। 12 प्रेरितां के जरिये घणे चमत्कार अर अनोक्खे काम
आदमियाँ कै बिचाळै दिखाए जावै थे, अर वे सारे एक चित्त
होकै सुलैमान के बरामदे म्ह कठ्ठे होया करै थे। 13 पर औरां म्ह
तै किसे और की या हिम्मत कोनी होवै थी के उन म्ह जा मिलै,
फेर भी आदमी उनकी बड़ाई करै थे। 14 प्रभु म्ह बिश्वास करण
आळी की गिणती बढ़ती गई भोत घणे बिश्वासी प्रभु म्ह आ
मिले, लोग-लुगाईयाँ का एक भोत बड़ा टोळ बणग्या। 15 जो
प्रेरित करण लागरे थे, उसकी बजह तै माणस, बिमारां ताहीं
सड़कां पै ल्या-ल्याकै, खाट-खटोल्यां पै लिटा देवैं थे, के जिब
पतरस आवै, तो उसकी छाया-ए उन म्ह तै किसे पै पड़ जावै।
16 यरुशलेम नगर कै लोवै-धोवै के नगरां तै भी घणे माणस
बिमारां अर भुंडी ओपरी आत्मायाँ के सताए होया ताहीं चेल्यां
कै धोरै ल्या-ल्याकै, कठ्ठे होवै थे, अर सारे ठीक कर दिए जावै
थे। 17 फेर महायाजक अर उसके सारे मित्तर जो सदूकियाँ
के पंथ के थे, प्रेरितां तै जळण लाग्गे। 18 अर प्रेरितां ताहीं
पकड़कै जेळ म्ह बन्द कर दिया। 19 पर रात नै प्रभु के एक
सुर्गदूत नै जेळ के किवाड़ खोल कै उन ताहीं बाहरणै ल्याकै
कह्या, 20 “जाओ, मन्दर म्ह खड़े होकै अनन्त जीवन की सारी
बात आदमियाँ ताहीं सुणाओ।” 21 वे न्यू सुणकै सबेरा होन्दे
मन्दर म्ह जाकै उपदेश देण लाग्गे। फेर महायाजक अर उसके

मित्तरां नै आकै यहूदी अगुवां की सभा अर इस्राएलियाँ के सारे
बुजुर्गां ताहीं कठ्ठे करया, अर जेळ म्ह कहवां भेज्या के उन ताहीं
ल्याओ। 22 पर मन्दर के पैहरेदारां नै उड़ै पोहचकै उन ताहीं जेळ
म्ह कोन्या पाया, अर बोहड़कै संदेशां दिया, 23 “हमनै जेळ
ताहीं घणी चौकसी तै बन्द कर राख्या था, अर पैहरेदारां ताहीं
बाहरणै दरवाज्यां पै खड़े पायां, पर जिब खोल्या, तो भीत्तर
कोए ना मिल्या।” 24 जिब मन्दर के सरदार अर प्रधान याजकां
नै या खबर सुणी, तो वे घबरागे थे, अर वे यो विचार करण
लाग्गे के इन बात्तां का नतिज्जा के होगा! 25 इतनै म्ह किसे
नै आकै उन ताहीं बताया, “देक्खो, जिन ताहीं थमनै जेळ म्ह
बन्द कर राख्या था, वे माणस मन्दर म्ह खड़े होकै आदमियाँ नै
उपदेश देण लागरे सै।” 26 फेर सरदार, पैहरेदारां कै गेल्या ओड़ै
जाकै, प्रेरितां ताहीं यहूदी अगुवां की सभा कै स्याम्ही लीआया,
पर हंगे तै न्ही, क्यूँके वे आदमियाँ तै डरै थे के कदे म्हारै पै
पत्थर ना बरसा देवैं। फेर महायाजक नै उनतै बुझ्झया, 28 “के
हमनै थारे ताहीं चिताकै हुकम न्ही दिया था के थम इस नाम
तै उपदेश ना दियो? फेरभी, थमनै सारे यरुशलेम नगर ताहीं
अपणे उपदेश तै भर दिया सै अर उस माणस की हत्या का
कसूर थम म्हारै पै लगाणा चाहो सो।” 29 फेर पतरस अर दुसरे
प्रेरितां नै जवाब दिया, “माणसां के हुकम तै बढ़कै परमेसवर के
हुकम का पालन करणा ए म्हारा फर्ज सै। 30 म्हारै पूर्वजां कै
परमेसवर नै यीशु ताहीं मुर्दां म्ह तै जिन्दा करया, जिस ताहीं
थमनै क्रूस पै लटकाकै मार दिया था। 31 उस्से ताहीं परमेसवर
नै प्रभु अर उद्धारकर्ता ठैहराया अर परमेसवर नै मसीह यीशु
ताहीं अपणे सोळे हाथ कान्ही बैठाया, ताके इस्राएल के माणस
पाप करणा छोड़ दे, अर अपणे पापां खात्तर उन ताहीं माफी
मिल सकै। 32 हम इन बात्तां के गवाह सां अर उस्से तरियां
पवित्र आत्मा भी, जिस ताहीं परमेसवर नै उन ताहीं दिया सै जो
उनका हुकम मान्नै सै।” 33 यहूदी अगुवां की सभा के सारे
माणस या बात सुणकै जळगे, अर प्रेरितां ताहीं मारणा चाह्या।
34 पर गमलीएल नामक एक फरीसी नै जो शास्त्री अर सारे
आदमियाँ म्ह आदर-मान राक्खै था, यहूदी अगुवां की सभा म्ह
खड़े होकै प्रेरितां ताहीं थोड़ी देर खात्तर बाहरणै ले जाण का
हुकम दिया। 35 फेर वो बोल्या, “हे इस्राएलियों, थम जो किमे
इन माणसां गैल करणा चाहवो सो, सोच-समझकै करियो। 36
इन दिनां तै पैहल्या थियूदास भी दावा करै था के मै भी किमे सूं,
अर तकरीबन चार सौ माणस उसकै चेल्लें बणगे, पर वो मारया
गया, अर उस ताहीं मानण आळे सब लोग बिखरगे अर उनका
नामो-निशान भी कोनी रह्या। 37 उसकै पाच्छै नाम लिखाई के
दिनां म्ह गलीलवासी यहूदा आया, अर कई आदमी अपणी ओड़
कर लिये, वो भी मर ग्या, अर जितने आदमी उसनै मान्नै थे,
सारे तित्तर-बितर होग्ये। 38 ज्यांतै मै थारे तै कहूँ सूं, इन माणसां
तै दूर ए रहो अर इनतै किमे काम ना राक्खो, क्यूँके जै यो धर्म
या काम माणसां की ओड़ तै हो फेर तो मिट जावैगा। 39 पर जै
परमेसवर की ओड़ तै सै, तो थम उन ताहीं कदे भी न्ही मिटा
सकदे। कदे इसा ना हो के थम परमेसवर तै भी लड़णआळे
ठहरो।” फेर उननै उसकी बात मान ली। 40 अर प्रेरितां ताहीं
बुलाकै छितवाया, अर यो हुकम देकै छोड़ दिया के यीशु कै नाम
तै दुबारा कोए बात ना करणा। 41 वे इस बात तै राज्जी होकै
यहूदी अगुवां की सभा कै स्याम्ही तै चले गये, के हम यीशु कै
नाम कै खात्तर बेईज्जत होण कै जोग्गे तो ठहरे। 42 वे हरेक
दिन मन्दर म्ह अर घर-घर म्ह उपदेश करण तै, अर इस बात का
सुसमाचार सुणाण तै के यीशु ए मसीह सै न्ही रुके।

6 उन दिनां म्ह जिब चेल्यां की गिणती घणी बधण लाग्गी,
फेर यूनानी भाषा बोल्लण आळे यहूदी चेल्लें इब्रानी भाषा
बोल्लण आळे यहूदी चेल्यां पै बिरड़ाण लाग्गे, के हरेक दिन
पईसा अर खाणे के मामलै म्ह म्हारी बिधवायाँ की सुध कोनी
ली जान्दी। 2 फेर उन बारहां चेल्यां नै उन बिश्वासियाँ ताहीं जो
यरुशलेम म्ह थे, अपणे धोरै बुलाकै कह्या, “यो ठीक कोनी
के हम परमेसवर का वचन छोड़कै खिलाण-पिलाण की सेवा
म्ह रह्वां। 3 इस करकै, हे बिश्वासी भाईयो, अपणे म्ह तै सात
बढ़िया नाम्मी माणसां ताहीं जो पवित्र आत्मा अर बुद्धि तै भरे
हो, जिनके बारें म्ह सब नै बेरा हो, छाँट ल्यो, के हम उननै इस
काम पै ला देवां। 4 पर हम तो प्रार्थना म्ह अर वचन के प्रचार
अर शिक्षा देण की सेवा म्ह लाग्गे रहवांगें।” 5 या बात सारे टोळ
नै आच्छी लाग्गी, अर उननै स्तिफनुस नामक एक माणस ताहीं
जो बिश्वास अर पवित्र आत्मा तै भरया था, अर फिलिप्पुस,
अर प्रुखुरुस, अर नीकानोर, अर तीमोन, अर परमिनास, अर
अन्ताकियावासी नीकुलाउस ताहीं जो यहूदी पंथ म्ह आ ग्या
था, छाँट लिया। 6 इन ताहीं प्रेरितां कै स्याम्ही ल्याए अर उननै
प्रार्थना करकै उनपै हाथ धरे, ताके वे उस काम नै करै। 7
परमेसवर का वचन फैलदा गया अर यरुशलेम नगर म्ह चेल्यां
की गिणती घणी बढ़दी गई, अर भोत सारे यहूदी याजक भी
प्रभु यीशु के सुसमाचार पै बिश्वास करकै मानणआळे होगे। 8
स्तिफनुस अनुग्रह अर सामर्थ तै भरया-पूरा होकै आदमियाँ
म्ह बड़े-बड़े अनोक्खे काम अर चमत्कार दिखाया करै था। 9
फेर वो आराधनालय म्ह तै जो लिबिरतिनों की कुह्वावै थी, अर
कुरेनी अर सिकन्दरिया अर किलिकिया अर आसिया परदेस के
आदमियाँ म्ह तै कई माणस उठकै स्तिफनुस तै बहसण लाग्गे।
10 पर उस ज्ञान अर उस पवित्र आत्मा का जिसतै वो बात करै
था, वे सामना न्ही कर सके। 11 इसपै उननै कई आदमियाँ
ताहीं उकसाया जो कहण लाग्गे, “हमनै इस ताहीं मूसा नबी
अर परमेसवर कै बिरोध म्ह बुराई की बात कहन्दे होए सुण्या
सै।” 12 उननै स्तिफनुस के बिरुध्द माणसां, यहूदी अगुवां अर
शास्त्रियाँ ताहीं उकसाया अर आकै उस ताहीं पकड़कै यहूदी
अगुवां की सभा कै स्याम्ही ले गये। 13 अर उननै झूठ्ठे गवाह
खड़े करे, जिननै स्तिफनुस पै यो इलजाम लगाकै, कह्या, “यो
माणस इस पवित्र जगहां अर मूसा के नियम-कायदे कै बिरोध

म्ह बुराई करणा न्ही छोड़दा। 14 क्यूँके हमनै उस ताहीं न्यू
कहन्दे सुण्या सै के योए यीशु नासरी इस मन्दर नै गेर देवैगा,
अर उन रिवाज्जां नै बदल देवैगा जो मूसा नबी नै म्हारै ताहीं
सौंपी सै।" 15 फेर सारे आदमियाँ नै जो यहूदी अगुवां की सभा
म्ह बेठ्ठे थे, उसपै निगांह गड़ाई तो उसका मुँह सुर्गदूत जिसा
दिख्या।

7 फेर महायाजक नै स्तिफनुस तै बुझ्झया, "के यो इलजाम
सच सै?" 2 उसनै कह्या, "हे भाईयो, अर बुजुर्गों सुणो।
म्हारा पूर्वज अब्राहम हारान नगर म्ह बसण तै पैहल्या जिब वो
मेसोपोटामिया परदेस म्ह था, तो तेजोमय परमेसवर नै उस
ताहीं दर्शन दिया, 3 अर उसतै बोल्या, 'तू अपणे देश अर अपणे
कुण्बे म्ह तै लिकड़कै उस देश म्ह जा, जिस ताहीं मै तन्नै
दिखाऊँगा।'" 4 फेर अब्राहम कसदियो के देश तै लिकड़कै
हारान नगर म्ह जा बस्या। उसकै पिता की मौत कै पाच्छै
परमेसवर नै उस ताहीं ओड़ै तै इस देश म्ह ल्याकै बसाया
जिसम्ह इब हम बसां सां, 5 अर उस ताहीं कुछ भी विरासत न्ही
दी, बल्के पैर धरण भर की भी उस म्ह जगहां कोनी देई, पर
परमेसवर नै वादा करया, के मै यो देश तेरे अर तेरे बाद तेरे वंश
कै हाथ कर दियुँगा, हालाकि उस बखत उसकै कोए बेट्टा कोनी
था। 6 अर परमेसवर नै यो भी कह्या, "वे लोग उननै गुलाम
बणा लेंगे, अर चार सौ साल ताहीं उनकै गैल भुंडा बरताव
करैगें।" 7 फेर परमेसवर नै यो भी कह्या, "के जिस जात के
वे गुलाम होवैंगें, उस ताहीं मै सजा देऊँगा, अर इसकै बाद वे
लिकड़कै इस्से देश म्ह मेरी भगति करैंगें।" 8 अर परमेसवर नै
अब्राहम कै गैल खतने का करार करया, जिब अब्राहम के बेट्टे
इसहाक का जन्म होया, तो आंठ्वै दिन उसका खतना करया
गया, अर इसहाक तै याकूब अर याकूब तै बारहां कुलपति पैदा
होए। 9 "कुलपतियाँ नै अपणे भाई यूसुफ तै जळण करकै उस
ताहीं मिस्र देश जाण आळा ताहीं बेच्या। पर परमेसवर उसकै
गेल्या था, 10 अर परमेसवर नै यूसुफ ताहीं उसके सारे क्लेशां
तै छुड़ाकै मिस्र देश कै राजा फिरौन की निगांह म्ह अनुग्रह
अर बुद्धि दी, अर फिरौन नै उस ताहीं मिस्र देश पै अर अपणे
सारे घर पै हाकिम बणा दिया। 11 "जिब यूसुफ मिस्र देश
का हाकिम था, तो सारे मिस्र देश अर कनान देश म्ह अकाळ
पड़ग्या, जिसतै हरेक जगहां हाहाकार माचग्या, अर म्हारे पूर्वजां
ताहीं नाज कोनी मिलै था। 12 पर याकूब नै न्यू सुणकै के मिस्र
देश म्ह नाज सै, म्हारे पूर्वजां ताहीं नाज मोल लेण खात्तर पैहली
बार भेज्या। 13 जिब वे दुसरी बार नाज मोल लेण खात्तर गये,
तो यूसुफ नै खुद ताहीं अपणे भाईयाँ पै जाहिर करया, अर
यूसुफ के परिवार के बारें म्ह फिरौन नै बेरा पाटग्या। 14 फेर
यूसुफ नै अपणे बाप याकूब अर अपणे साबतै कुण्बे ताहीं, जो
पचत्तर माणस थे, बुलवा भेज्या। 15 फेर याकूब मिस्र देश गया,
अर कुछ साल्लां बाद ओड़ैए वो अर म्हारे पूर्वज मरग्ये। 16
उनकी लाश शकेम नगर म्ह पहुँचाकै उस कब्र म्ह धरी गई, जिस
ताहीं अब्राहम नै चाँदी देकै शकेम नगर म्ह हमोर की ऊलाद तै
मोल लिया था।" 17 "पर जिब उस वादा के पूरे होण का बखत
लोवै आया जो परमेसवर नै अब्राहम तै करया था, तो मिस्र देश
म्ह वे आदमी बढ़ग्ये अर घणे होग्ये। 18 फेर मिस्र देश म्ह दुसरा
राजा होया जो यूसुफ ताहीं कोनी जाणै था। 19 उसनै म्हारे
जात्ति भाईयाँ तै हेरा-फेरी करकै म्हारे पूर्वजां कै गेल्या उरै ताहीं
भुंडा बीवार करया, के अपणे माँ-बाप नै अपणे बाळकां ताहीं
बगाणे पड़गे, के एक भी बाळक जिन्दा ना रहवैं। 20 "उस
बखत मूसा नबी पैदा होया। वो परमेसवर की निगांह म्ह घणा
सुथरा था। वो तीन महिन्ने ताहीं अपणे बाप कै घरां लुह्को कै
पाळया गया। 21 जिब उसके परिवार आळे उस ताहीं और न्ही
लह्को सके, तो उननै मूसा ताहीं छोड़णा पड्या, फेर फिरौन की
बेट्टी नै उस ताहीं ठा लिया, अर अपणा बेट्टा करकै पाळया। 22
मूसा नबी नै मिस्र देश की सारी विद्या पढ़ाई गई, अर वो बोलण
म्ह अर काम करण म्ह, दोनुआ म्ह सामर्थी था।" 23 "जिब
मूसा नबी चाळीस साल का होया, तो उसकै मन म्ह आया के
मै अपणे इस्राएली भाईयाँ तै मिलूं। 24 उसनै एक इस्राएली
माणस पै जुल्म होन्दे देखकै उस ताहीं बचाया, अर उस मिस्री
आदमी ताहीं मारकै सताए होए का बदला लिया। 25 मूसा नै
सोच्या के उसके भाई-बन्धु जाण जावैंगे के उन ताहीं गुलामी तै
छुटकारा दुआण खात्तर परमेसवर उसका इस्तमाल करण लाग
रह्या सै, पर वे इस ताहीं समझ न्ही पाये। 26 दुसरे दिन जिब वे
आप्पस म्ह लड़ै थे, तो वो उड़ै तै आण लिकड़या, अर न्यू कहकै
उननै मेल करण कै खात्तर समझाया, 'हे भले माणसों, थम तो
भाई-भाई सो, एक-दुसरे पै क्यांतै जुल्म करो सो?'" 27 "पर
जो अपणे पड़ोसी पै जुल्म करै था, उसनै उस ताहीं न्यू कहकै
धक्का दिया, 'तेरे ताहीं किसनै म्हारै पै हाकिम अर न्यायाधीश
ठहराया सै? 28 के जिस ढाळ तै तन्नै काल उस मिस्री आदमी
ताहीं मार दिया मन्नै भी मार देणा चाहवै सै?' 29 या बात
सुणकै मूसा नबी डरकै भाज्या अर मिधान देश म्ह परदेशी होकै
रहण लाग्या, अर ओड़ै उसके दो बेट्टे पैदा होए।" 30 "जिब
मूसा ताहीं ओड़ै रहन्दे पूरे चाळीस साल बीतगे, तो परमेसवर नै
एक सुर्गदूत के रूप म्ह सीनै पहाड़ के बण म्ह उस ताहीं बळदी
होई झाड़ी की ज्वाला म्ह दर्शन दिया। 31 मूसा नबी नै यो बळदी
होई झाड़ी का दर्शन देखकै हैरानी होई, अर जिब देखण खात्तर
लोवै गया, तो प्रभु की या वाणी सुणाई दी, 32 'मै तेरे पूर्वज,
अब्राहम, इसहाक, याकूब का परमेसवर सूं,' फेर मूसा नबी डर
के मारे काम्बग्या, उरै ताहीं के उसकी देखण की हिम्मत भी
कोनी होई।" 33 "फेर प्रभु नै मूसा नबी तै कह्या, 'अपणे पायां
तै जूत्ती उत्तार ले, क्यूँके जिस जगहां तू खड्या सै, वा पवित्र
धरती सै। 34 मन्नै साच्ये अपणे आदमियाँ की जो मिस्र देश म्ह
सै, भुन्ड़ी हालत देक्खी सै, अर उनकी आह अर उनका रोणा
सुण्या सै, ज्यांतै उन ताहीं छुड़ाण कै खात्तर उतरया सूं। इब आ,
मै तन्नै मिस्र देश भेज्जूँगा।'" 35 "जिस मूसा नबी ताहीं उननै

न्यू कहकै नकारा दिया था, 'तेरे ताहीं किसनै म्हारै पै हाकिम
अर न्यायाधीश ठहराया सै?' उस्से ताहीं परमेसवर नै हाकिम
अर छुड़ाण आळा ठहराकै उस सुर्गदूत के जरिये जिसनै उस
ताहीं झाड़ी म्ह दर्शन दिया था, भेज्या। 36 योए माणस मिस्र देश
अर लाल समुन्दर अर जंगळ म्ह चाळीस साल ताहीं अनोक्खे
काम अर चमत्कार दिखा-दिखाकै उन ताहीं लिकाड़ ल्याया।"
37 यो वोए मूसा नबी सै, जिसनै इस्राएल के माणसां तै कह्या,
"परमेसवर थारे भाईयाँ म्ह तै थारे खात्तर मेरै जिसा एक नबी
ठावैगा। 38 यो वोए सै, जिसनै जंगळ म्ह इस्राएली मण्डळी कै
बिचाळै उस सुर्गदूत के साथ सीनै पहाड़ पै उसतै बात करी, अर
म्हारे पूर्वजां कै गेल्या था, उस्से ताहीं जिन्दा वचन मिल्या ताके
म्हारै तक पोहोचावै।" 39 पर म्हारे पूर्वजां नै उसकी मानणी
कोनी चाह्यी, बल्के उस ताहीं हटाकै अपणे मन मिस्र देश की
ओड़ पलटे, 40 अर मूसा नबी कै भाई हारुन तै, कह्या, म्हारै
खात्तर इसा देवता बणा, जो म्हारै आग्गै-आग्गै चाल्लै, क्यूँके
यो मूसा नबी जो हमनै मिस्र देश तै लिकाड़ ल्याया, हमनै न्ही
बेरा के उसकै के होया? 41 उन दिनां म्ह उननै एक बाछड़े की
मूर्ति बणाकै उसकै आग्गै बलि चढ़ाई, अर अपणे हात्थां तै
बणाई होई मूर्ति तै मग्न होण लाग्गे। 42 इस खात्तर परमेसवर
नै मुँह मोड़कै उन ताहीं छोड़ दिया, के अकास के सूरज चाँद
सितारां ताहीं परमेसवर मानकै पुजै, जिसा नबियाँ की किताब
म्ह लिख्या सै, "हे इस्राएल के घराने, के थम जंगळ म्ह चाळीस
साल ताहीं पशुबलि अर अन्नबलि मेरै ताहीं ए चढ़ान्दे रहे?"
43 "थम उस तम्बू ताहीं जिस म्ह मोलेक देवता की मूर्ति अर
अपणे रिफान देवता, के तारे नै लिये फिरे, यानिके उन मूरतां
ताहीं जिन ताहीं थमनै आराधना करण कै खात्तर बणाया था।
इस करकै मै थारे ताहीं बेबीलोन देश तै परली ओड़ ले जाकै
बसाऊँगा।" 44 "मिलापआळे तम्बू की जंगल-बियाबान म्ह
म्हारै पूर्वजां कै बिचाळै था, जिसा उसनै ठहराया जिसनै मूसा
नबी तै कह्या, 'जो रूप तन्नै देख्या सै, उसकै मुताबिक इसनै
बणा।' 45 उस्से तम्बू नै म्हारे पूर्वज पाच्छले बखत तै पाकै
यहोशू कै गेल्या उरै लियाये, जिस बखत के उननै उन दुसरी
जात्तां पै हक पाया, जिन ताहीं परमेसवर नै म्हारै पूर्वजां कै
स्याम्ही तै लिकाड़ दिया, अर वो तम्बू राजा दाऊद के बखत
ताहीं रहया। 46 दाऊद पै परमेसवर नै अनुग्रह करया, राजा
दाऊद नै याकूब के परमेसवर कै खात्तर रहण की जगहां बणाण
की बिनती करी। 47 पर उसके बेट्टे राजा सुलैमान नै उसकै
खात्तर घर बणाया।" 48 पर परमप्रधान हाथ के बणाए होए घरां
म्ह कोनी रहन्दा, जिसा के यशायाह नबी की किताब म्ह कह्या,
49 "परमेसवर कहवै सै, सुर्ग मेरा सिंहासन अर धरती मेरी पायां
तळै की पीढ़ी सै, मेरै खात्तर थम किस ढाळ का घर बणाओगे?
अर मेरै आराम कि कौण-सी जगहां होवैगी?" 50 के ये सारी
चीज मेरे जरिये न्ही बणाई गई सै? 51 "हे जिद्दी, अर मन अर
कान के खतनारहित आदमियो, थम सारी हाण पवित्र आत्मा
का बिरोध करो सो। जिसा थारे पूर्वज करै थे, उस्से तरियां ए
थम भी करो सो। 52 के कोए इसा भी नबी था, जिस ताहीं थारे
पूर्वजां नै न्ही सताया हो? उननै तो उस ताहीं भी मार दिया,
जिननै भोत पैहले ए तै उस मसीहा के आण की मुनाद्दी कर
दी थी, जिस ताहीं इब थमनै धोक्खे तै पकड़वा दिया अर मार
दिया। 53 थमनै सुर्गदूत्तां कै जरिये ठहराये होए नियम-कायदे
तो पाए, पर उसका पालन कोनी करया।" 54 ये बात सुणकै
यहूदी अगुवें छो म्ह भरगे अर स्तिफनुस पै दाँत पिस्सण लाग्गे।
55 पर उसनै पवित्र आत्मा तै पूरी तरियां भरकै सुर्ग की ओड़
देख्या अर परमेसवर की महिमा अर यीशु ताहीं परमेसवर के
सोळी ओड़ खड्या देखकै 56 कह्या, "देक्खो, मै सुर्ग नै खुल्या
होया, अर माणस के बेट्टे ताहीं परमेसवर कै सोळी ओड़ खड्या
देखु सूं।" 57 फेर ये बात सुणते ए सुणण आळा नै चीखते होए
अपणे कान्ना पै हाथ रख लिये, अर वे छो म्ह एक साथ उसपै
टूट पड़े, 58 अर स्तिफनुस ताहीं यरुशलेम नगर कै बाहरणै
लिकाड़कै उसपै पत्थर बरसाण लाग्गे। गवाहां नै अपणे लत्ते
शाऊल नामक एक जवान कै पायां कै धोरै उतारकै धर दिए।
59 वे स्तिफनुस पै पत्थर बरसान्दे रहे, अर वो न्यू कहकै प्रार्थना
करदा रह्या, "हे प्रभु यीशु, मेरी आत्मा ताहीं अपणाले।" 60 फेर
गोड्डे टेककै ठाड्डू आवाज म्ह रुक्का मारया, "हे प्रभु, यो पाप
उनपै मतना ला।" अर न्यू कह कै उसनै अपणे प्राण दे दिए।

8 शाऊल उसकै मारण म्ह सहमत था। उस्से दिन यरुशलेम
नगर की कलीसिया म्ह घणा दंगा शरु होग्या अर प्रेरितां नै
छोड़कै सारे के सारे यहूदिया अर सामरिया परदेस म्ह खिंड-
मिंड होग्ये। 2 कुछ परमेसवर भगतां नै स्तिफनुस ताहीं कब्र
म्ह धरया अर उसकै खात्तर घणा बिलाप करया। 3 शाऊल
कलीसिया नै सताण लागरया था, अर घर-घर म्ह बड़कै माणसां
अर लुगाईयाँ ताहीं घिसड़ा-घिसड़ा कै जेळ म्ह गेरै था। 4 जो
बिश्वासी खिंड-मिन्ड होए थे, वे सुसमाचार सुणान्दे होए हान्डे, 5
अर फिलिप्पुस सामरिया परदेस के एक नगर म्ह जाकै माणसां
म्ह मसीह का प्रचार करण लाग्या। 6 जो बात फिलिप्पुस नै
कही उन ताहीं आदमियाँ नै सुणकै अर जो चमत्कार वो दिखावै
था उन ताहीं देख देखकै, एक चित्त होकै मन लगाया। 7 क्यूँके
घणखरयां म्ह तै भुंडी ओपरी आत्मा ठाड्डू आवाज म्ह किल्की
मारदी होई लिकड़ग्यी, अर घणखरे लकवे के बीमार अर लंगड़े
भी ठीक करे गये, 8 अर उस नगर म्ह घणी खुशी मनाई गई। 9
उस नगर म्ह शमौन नाम का एक माणस था, जो जादू-टोणा
करकै सामरिया परदेस के आदमियाँ नै हैरान करदा अर खुद
ताहीं एक बड्ड़ा माणस बतावै था। 10 छोट्या तै लेकै बड्डुयाँ
ताहीं सारे उसका आदर करकै कहवै थे, "यो माणस परमेसवर
की वा शक्ति सै, जो महान् कुह्वावै सै।" 11 उसनै घणे दिनां तै
उन ताहीं अपणे जादू के काम्मां तै हैरान कर राख्या था, ज्यांतै
वे उसकी घणी मान्नै थे। 12 पर जिब माणसां नै परमेसवर
के राज्य अर यीशु मसीह के नाम का सुसमाचार, फिलिप्पुस

के संदेश म्ह सुण्या, तो सारे माणसां अर लुगाईयाँ नै बिश्वास
करया अर सब नै बपतिस्मा ले लिया। 13 फेर शमौन नै खुद भी
फिलिप्पुस के संदेश का बिश्वास करया अर बपतिस्मा लेकै
उसकै गेल्या रहण लाग्या। वो चमत्कार अर बड़े-बड़े सामर्थ
के काम होन्दे देखकै हैरान होवै था। 14 जिब प्रेरितां नै जो
यरुशलेम नगर म्ह थे, सुण्या के सामरिया परदेस के माणसां नै
परमेसवर का वचन मान लिया सै तो पतरस अर यूहन्ना ताहीं
उनकै धोरै भेज्या। 15 उननै ओड़ै जाकै उनकै खात्तर प्रार्थना
करी के पवित्र आत्मा पावै। 16 क्यूँके वो इब ताहीं इन म्ह तै
किसे पै भी कोनी उतरया था, उननै तो सिर्फ प्रभु यीशु कै नाम
तै बपतिस्मा लिया था। 17 फेर प्रेरितां नै उनपै हाथ धरे अर
उननै पवित्र आत्मा पाया। 18 जिब शमौन नै देख्या के प्रेरितां कै
हाथ धरण तै पवित्र आत्मा दिया जावै सै, तो उनकै धोरै रपिये
ल्याकै कह्या, 19 "या शक्ति मन्नै भी द्यो, के जिस किसे पै हाथ
धरुँ वो पवित्र आत्मा पावै।" 20 पतरस नै उसतै कह्या, "तेरे
रपिये तेरे गेल्या नाश होज्या, क्यूँके तन्नै परमेसवर का दान
रपियाँ तै मोल लेण का विचार करया। 21 इस बात म्ह ना तेरा
हिस्सा सै, ना हक, क्यूँके तेरा मन परमेसवर कै आग्गै सच्चा
कोनी। 22 इस करकै अपणी इस बुरी सोच नै छोड़कै प्रभु तै
प्रार्थना कर, हो सकै सै वो तेरे मन का यो बुरा विचार माफ
करदे। 23 क्यूँके मै देक्खूँ सूं के तू कड़वाहट तै भरया सै अर
पाप के चुंगल म्ह फँसा सै।" 24 शमौन नै जवाब दिया, "थम
मेरै खात्तर प्रभु तै प्रार्थना करो के जो बात थमनै कही, उन म्ह तै
कोए भी मेरै पै न्ही आवै।" 25 आखर म्ह वे गवाही देकै प्रभु
यीशु का वचन सुणाकै यरुशलेम नगर नै बोहड़गे, अर सामरिया
के घणखरे गाम्मां म्ह सुसमाचार सुणान्दे गये। 26 फेर प्रभु कै
एक सुर्गदूत नै फिलिप्पुस तै कह्या, "उठ अर दक्षिण की ओड़
उस राह पै जा, जो यरुशलेम नगर तै गाज़ा नगर म्ह जावै सै।"
यो बियाबान राह सै। 27 वो उठकै चल दिया, अर देक्खो, कूश
देश का एक माणस आण लागरया था जो खोजा (किन्नर)
अर कूशियों की राणी कन्दाके का मंत्री अर खजांची था। वो
आराधना करण खात्तर यरुशलेम नगर म्ह आया था। 28 वो
अपणे रथ पै बेठ्या होया था, अर यशायाह नबी की किताब
पढ़दा होया बोहड़ण लागरया था। 29 फेर पवित्र आत्मा नै
फिलिप्पुस ताहीं कह्या, "लोवै जाकै इस रथ कै गेल्या हो ले।"
30 फिलिप्पुस दौड़ कै रथ कै धोरै पोहचा अर उस ताहीं यशायाह
नबी की किताब पढ़ते होए सुण्या, अर बुझ्झया, "तू जो पढ़ै सै,
के उसनै समझै भी सै?" 31 वो बोल्या, "जिब ताहीं कोए मेरै
ताहीं न्ही समझावै तो मै किस ढाळ समझूँ।" अर फिलिप्पुस
तै बिनती करी के वो रथ पै चढ़कै उसकै धोरै बेठ्ठै। 32 पवित्र
ग्रन्थ का जो पाठ वो पढ़ै था, वो यो था: "वो भेड़ की ढाळ
मारण खात्तर पोहचाया गया, अर जिस तरियां मेम्ना अपणे ऊन
काट्टण आळा कै स्याम्ही बोल-बाल्ला रहवै सै, उस्से तरियां ए
उसनै भी अपणा मुँह कोनी खोल्या।" 33 "उस ताहीं अपमानित
करया गया अर उस ताहीं कोए न्याय न्ही मिल्या। उसकै बखत
के माणसां का ब्यौरा कौण देवैगा? क्यूँके धरती तै उसका प्राण
ठा लिया जावै सै।" 34 इसपै खोजे (किन्नर) नै फिलिप्पुस तै
बुझ्झया, "मै तेरे तै बिनती करुँ सूं, न्यू बता के नबी यो किसकै
बारै म्ह कहवै सै, अपणे या किसे दुसरे कै बारै म्ह?" 35 फेर
फिलिप्पुस नै बताणा शरु करया, अर इस्से पवित्र ग्रन्थ तै
शरु करकै उस ताहीं यीशु का सुसमाचार सुणाया। 36 राह
म्ह चाल्दे-चाल्दे वे किसे तालाब कै धोरै पोहचे। फेर खोजे नै
कह्या, "लखा उरै पाणी सै, इब मन्नै बपतिस्मा लेण म्ह के रोक
सै।" 37 फिलिप्पुस बोल्या, "जै तू पूरे मन तै बिश्वास करै सै तो
ले सकै सै।" उसनै जवाब दिया, "मै बिश्वास करुँ सूं के यीशु
मसीह परमेसवर का बेट्टा सै।" 38 फेर उसनै रथ खड्या करण
का हुकम दिया, अर फिलिप्पुस अर खोजा (किन्नर) दोन्नु
तालाब म्ह बड़गे, अर उसनै खोजा (किन्नर) ताहीं बपतिस्मा
दिया। 39 जिब वे पाणी म्ह तै लिकड़कै ऊपरान आये, तो प्रभु
का आत्मा फिलिप्पुस ताहीं ठा लेग्या, अर खोजे नै उस ताहीं
दुबारा न्ही देख्या, अर वो खुश था क्यूँके परमेसवर नै उस ताहीं
बचा लिया सै। 40 फिलिप्पुस अशदोद नगर म्ह आ लिकड़या,
अर जिब ताहीं कैसरिया नगर म्ह न्ही पोंहच्या, तब तक नगर-
नगर सुसमाचार सुणान्दा गया।

9 शाऊल जो इब ताहीं प्रभु यीशु के चेल्यां ताहीं धमकाण अर
मारण की धुन म्ह था, महायाजक कै धोरै गया 2 अर उसतै
दमिश्क नगर के आराधनालयाँ कै नाम पै इस बाबत म्ह चिट्ठियाँ
माँगी के, के चाहे माणस हो, चाहे लुगाई हो, जिन नै वो इस
पंथ म्ह पावै उन ताहीं बाँधकै यरुशलेम नगर लियावै। 3 पर
चाल्दे-चाल्दे जिब शाऊल अर उसके साथी दमिश्क नगर कै
लोवै पोहुच्ये, तो चाणचक अकास तै उसकै चौगरदे नै चाँदणा
चमक्या, 4 अर वो धरती पै पड़ग्या अर परमेसवर का यो शब्द
सुण्या, "हे शाऊल, हे शाऊल, तू मन्नै क्यांतै सतावै सै?" 5
उसनै बुझ्झया, "हे प्रभु, तू कौण सै?" उसनै कह्या, "मै यीशु
सूं, जिस ताहीं तू सतावै सै। 6 पर इब उठकै नगर म्ह जा, अर
जो तन्नै करणा सै वो तेरे तै कह्या जावैगा।" 7 जो माणस
उसकै गेल्या थे, वे हैरान रहग्ये, क्यूँके बोल तो सुणै थे पर किसे
ताहीं देक्खै कोनी थे। 8 फेर शाऊल धरती पै तै उठ्या, पर जिब
आँख खोल्ली तो उस ताहीं किमे कोनी दिख्या, अर वे उसका
हाथ पकड़कै दमिश्क नगर म्ह ले गये। 9 वो तीन दिन ताहीं
कोनी देख सक्या, अर ना खाया अर ना पिया। 10 दमिश्क नगर
म्ह हनन्याह नामक एक चेल्ला था, उसतै प्रभु यीशु नै दर्शन म्ह
कह्या, "हे हनन्याह!" वो बोल्या, "हाँ, प्रभु!" 11 फेर प्रभु नै
उसतै कह्या, "उठकै उस गळी म्ह चल्या जा जो 'सीध्धी' कुह्यावै
सै, अर यहूदा कै घर म्ह शाऊल नामक एक तरसुसवासी नै
बुझ, क्यूँके देख, वो प्रार्थना करण लागरया सै, 12 अर उसनै
दर्शन म्ह हनन्याह नामक एक माणस ताहीं भीत्तर आन्दे अर
अपणे उप्पर हाथ धरदे देख्या सै, ताके दुबारा आँखां की रोशनी

पावै।" 13 हनन्याह नै जवाब दिया, "हे प्रभु, मन्नै इस माणस
कै बारै म्ह घणाए तै सुण्या सै के इसनै यरुशलेम नगर म्ह तेरे
आदमियाँ गेल्या बड्डी-बड्डी बुराई करी सै, 14 अर उरै भी इस
ताहीं प्रधान याजकां की ओड़ तै हक मिल्या सै के जो माणस
तेरे म्ह बिश्वास राक्खै सै, उन सारया नै बाँधकै यरुशलेम ले
जा।" 15 पर प्रभु नै उसतै कह्या, "तू चल्या जा, क्यूँके वो तो
गैर यहूदी अर राजयां अर इस्राएलियों कै स्याम्ही मेरा नाम का
प्रचार करण कै खात्तर चुण्या होया पात्र सै। 16 अर मै उसनै
बताऊँगा, के मेरै बारें बताण कै खात्तर उसनै किसा-किसा दुख
ठाणा पड़ैगा।" 17 फेर हनन्याह उठकै उस घर म्ह गया जड़ै
शाऊल रुक्या था, अर उसपै अपणा हाथ धरकै कह्या, "हे भाई
शाऊल, प्रभु, यानिके यीशु, जो उस राह म्ह, जिसतै तू आया तेरे
ताहीं दिखया था, उस्से नै मेरै ताहीं भेज्या सै के तू दुबारा आँखां
की रोशनी पावै अर पवित्र आत्मा तै भरया-पूरा हो जावै।" 18
अर जिब्बे उसकी आँखां तै छिल्के-से पड़े अर वो देखण लाग्या,
अर उठकै बपतिस्मा लिया, 19 फेर खाणा खाकै हिम्मत पाई।
शाऊल कई दिन उन चेल्यां कै गेल्या रहया जो दमिश्क नगर म्ह
थे। 20 अर वो जिब्बे दमिश्क नगर के आराधनालयाँ म्ह यीशु
का प्रचार करण लाग्या, के वो परमेसवर का बेट्टा सै। 21 सारे
सुणण आळे हैरान होकै कहण लाग्गे, "के यो वोए माणस न्ही
सै जो यरुशलेम नगर म्ह उन ताहीं जो यीशु मसीह के बिश्वासी
थे, उनका नाश करया करै था, अर उरै भी इस्से खात्तर आया
था, के उननै बाँधकै प्रधान याजकां कै धोरै ले जावै?" 22 पर
शाऊल और भी सामर्थी होंदा गया, अर इस बात का सबूत दे-
देकै, के मसीह यीशु-ए सै, दमिश्क नगर के रहणीये यहूदियाँ
का मुँह बन्द करदा रहया। 23 जिब शाऊल नै ओड़ै रहन्दे होए
भोत दिन बीतगे, तो यहूदियाँ नै मिलकै उस ताहीं मारण की
साजस रची। 24 पर उनकी साजिस का शाऊल नै बेरा पाटग्या।
वे तो उसनै मारण खात्तर रात-दिन फाटकां पै घात म्ह लाग्गे
रहवैं थे। 25 पर रात नै उसके चेल्यां नै उस ताहीं टोकरे म्ह
बिठाया, अर दमिश्क नगर की चारदीवारी पै तै लटकाकै उतार
दिया। 26 यरुशलेम नगर म्ह पोहचकै शाऊल नै चेल्यां कै गेल्या
मिल जाण की कोशिश करी, पर सारे उसतै डरै थे, क्यूँके उननै
बिश्वास कोनी होवै था, के वो भी चेल्ला सै। 27 पर बरनबास नै
उस ताहीं अपणे गेल्या प्रेरितां कै धोरै ले जाकै उन ताहीं बताया
के इसनै किस ढाळ तै राह म्ह प्रभु यीशु ताहीं देख्या, अर यीशु
नै इसतै बात करी, फेर दमिश्क नगर म्ह इसनै किस तरियां
हिम्मत दिखाकै यीशु कै नाम का प्रचार करया। 28 वो उनकै
गेल्या यरुशलेम नगर म्ह आन्दा-जान्दा रहया 29 अर बेधड़क
होकै प्रभु का नाम तै प्रचार करै था, अर यूनानी भाषा बोल्लण
आळे यहूदियाँ कै गेल्या बोलचाल अर बहस करै था, पर वे
उसनै मारण की कोशिश करण लाग्गे। 30 न्यू जाणकै भाई उस
ताहीं कैसरिया नगर लिआये, अर तरसुस नै भेज दिया। 31 इस
तरियां सारे यहूदिया परदेस, अर गलील परदेस, अर सामरिया
परदेस की कलीसिया नै चैन मिल्या, अर उसकी बढ़ोतरी होन्दी
गई, अर वा प्रभु कै भय अर पवित्र आत्मा की शान्ति म्ह चाल्दी
अर बढ़दी गई। 32 फेर इसा होया के पतरस हरेक जगहां हांडदा
होया, उन पवित्र आदमियाँ कै धोरै भी पोंहच्या जो लुद्दा नगर
म्ह रहवैं थे। 33 ओड़ै उसनै एनियास नामक लकवे का रोग्गी
एक माणस मिल्या, जो आठ साल तै खाट पै पड्या था। 34
पतरस नै उसतै कह्या, "हे एनियास! यीशु मसीह तन्नै ठीक करै
सै। उठ, अपणा बिछाणा ठा।" फेर वो जिब्बे उठ खड्या होया।
35 फेर लुद्दा नगर अर शारोन के सारे रहणीये उस ताहीं देखकै
प्रभु की ओड़ फिरे। 36 याफा नगर म्ह तबीता यानिके दोरकास
नाम की एक बिश्वासण रहवै थी। वा घणे भले-भले काम अर
दान करया करै थी। 37 उन्हे दिनां म्ह जिब पतरस लुद्दा नगर म्ह
था, तो वा बीमार होकै मरग्यी, अर उननै उस ताहीं नुह्वाकै चुबारै
पै धर लिया। 38 लुद्दा नगर याफा नगर कै धोरै था, चेल्यां नै न्यू
सुणकै पतरस ओड़ै सै, दो माणस भेजकै उसतै बिनती करी,
"म्हारै धोरै आण म्ह वार ना लावै।" 39 फेर पतरस उठकै उसकै
गेल्या हो लिया, अर जिब वो पोंहच्या तो वे उसनै उस चौबारे म्ह
ले गये। सारी बिधवां रोंदी होई उसकै धोरै आण खड़ी होई, अर
जो कुड़ते अर लत्ते दोरकास नै उनकै गेल्या रहंदे होए बणाए थे,
दिखाण लाग्गी। 40 फेर पतरस नै सारया ताहीं बाहरणै कर
दिया, अर गोड्डे टेक कै प्रार्थना करी अर लाश की ओड़ लखाकै
कह्या, "हे तबीता, उठ!" फेर उसनै अपणी आँख खोल दी, अर
पतरस ताहीं देखकै उठ बेठ्ठी। 41 उसनै हाथ बढ़ाकै उस ताहीं
ठाया, अर पवित्र आदमी अर बिधवायाँ ताहीं बुलाकै उस ताहीं
जिन्दा दिखा दिया। 42 या बात साब्बत याफा नगर म्ह फैलग्यी,
अर घणखरयां नै प्रभु यीशु पै बिश्वास करया। 43 अर पतरस
याफा नगर म्ह शमौन नामक किसे चमड़े का धन्धा करणीये कै
उरै घणे दिनां ताहीं रहया।

10 कैसरिया नगर म्ह कुरनेलियुस नाम का एक माणस था,
जो इतालियानी नामक पलटन का सूबेदार था। 2 वो
भगत था, अर अपणे साब्ते कुण्बे सुधा परमेसवर तै डरै था,
अर गरीब यहूदी आदमियाँ ताहीं घणा दान देवै था, अर बराबर
परमेसवर की प्रार्थना करै था। 3 उसनै दिन कै बजे कै लोवै
दर्शन म्ह साफ तौर तै देख्या के परमेसवर का एक सुर्गदूत उसकै
धोरै भीत्तर आकै कहवै सै, "हे कुरनेलियुस!" 4 कुरनेलियुस नै
उस ताहीं गौर तै देख्या अर डरकै कह्या, "हे प्रभु, के हुकम
सै?" उसनै उसतै कह्या, "तेरी प्रार्थनाएँ अर तेरे दान याद कै
खात्तर परमेसवर कै स्याम्ही पोहचे सै, 5 अर याफा नगर म्ह
माणस भेजकै शमौन नै, जो पतरस कुह्वावै सै, बुलवा ले। 6 वो
शमौन, चमड़े का धन्धा करण आळे कै उरै मेहमान सै, जिसका
घर समुन्दर कै किनारे सै।" 7 जिब वो सुर्गदूत जिसनै उसतै
बात करी थी चल्या गया, तो कुरनेलियुस नै दो नौक्कर, अर जो
उसकै लोवै हाजिर रहया करै थे उन म्ह तै एक भगत सिपाही
ताहीं बुलाया, 8 अर उन ताहीं सारी बात बताकै याफा नगर की

ओड़ भेज्या, ताके पतरस ताहीं ले आवै। 9 दुसरे दिन जिब वे
तीन आदमी जो कुरनेलियुस जरिये भेज्जे गये थे, चाल्दे-चाल्दे
नगर कै धोरै पोहचे, तो दोफारी कै लोवै पतरस छात पै प्रार्थना
करण चढ़या। 10 उसनै भूख लाग्गी अर कुछ खाणा चाहवै था,
पर जिब वे खाणा त्यार करै थे तो वो बेसुध होग्या, 11 अर उसनै
देख्या, के अकास खुलग्या, अर एक बड्डी चाद्दर च्यारु कुणयां तै
लटकदी होई, धरती की ओड़ उतरै सै। 12 जिस म्ह धरती के
सारे ढाळ के चार पैरां आळे अर रेंगणेआळे जिनोर अर अकास
के पंछी थे। 13 उसनै एक इसा बोल सुण्या, "हे पतरस उठ,
मार अर खा।" 14 पर पतरस नै कह्या, "ना प्रभु, कती भी न्ही,
क्यूँके मन्नै कदे कोए अशुद्ध चीज न्ही खाई सै।" 15 फिर दुसरी
बर उस ताहीं बोल सुणाई दिया "जो किमे परमेसवर नै शुद्ध
कर दिया सै, उस ताहीं अशुद्ध मतना कहवै।" 16 तीन बर इस
तरियां ए होया, फेर जिब्बे वा चाद्दर अकास म्ह ठा ली गई। 17
जिब पतरस अपणे मन म्ह दुबिध्या म्ह था, के यो दर्शन जो मन्नै
देख्या इसका के मतलब हो सकै सै, तो देक्खो, वे माणस जिन
ताहीं कुरनेलियुस नै भेज्या था, शमौन कै घर का पता लगाकै
दरबाजे पै आण खड़े होए, 18 अर रुक्का मारकै बुझ्झण लाग्गे,
"के शमौन जो पतरस कुह्वावै सै, याड़ैए सै के?" 19 पतरस तो
उस दर्शन पै सोचण ए लागरया था, के पवित्र आत्मा नै उसतै
कह्या, "देख, तीन माणस तेरी टोह् म्ह सै। 20 आखर उठकै
तळै जा, अर बेझिझक उनकै गेल्या हो ले, क्यूँके मन्नै ए उन
ताहीं भेज्या सै।" 21 फेर पतरस नै उतरकै उन माणसां ताहीं
कह्या, "देक्खो, जिसकी टोह् म्ह थम सो, वो मै सूं। थारे आण
का के कारण सै?" 22 वे बोल्ले, "कुरनेलियुस सूबेदार जो धर्मी
अर परमेसवर तै डरणआळा अर सारी यहूदी जात म्ह नाम्मी
माणस सै, उसनै एक पवित्र सुर्गदूत तै यो निर्देश पाया सै के तेरे
ताहीं अपणे घरां बुलाकै तेरे तै वचन सुणै।" 23 फेर उसनै उन
ताहीं भीत्तर बुलाकै उनकी मेहमान-नवाजी करी। दुसरे दिन वो
उनकै गेल्या गया, अर याफा नगर के बिश्वासी भाईयाँ म्ह तै
कुछ उसकै गेल्या हो लिए। 24 आगले दिन वे कैसरिया नगर
पोहचे, अर कुरनेलियुस अपणे कुण्बे आळा अर प्यारे साथियाँ
ताहीं कठ्ठा करकै उनकी बाट देक्खै था। 25 जिब पतरस भीत्तर
आवै था, तो कुरनेलियुस उसतै मिल्या, अर उसकै पायां म्ह
पड़कै उस ताहीं प्रणाम करया, 26 पर पतरस नै उस ताहीं ठा कै
कह्या, "खड्या हो, मै भी तो माणस सूं।" 27 अर उसकै गेल्या
बतळान्दा भीत्तर गया, अर घणे आदमियाँ ताहीं कठ्ठे देखकै 28
पतरस नै उनतै कह्या, "थमनै बेरा सै के हम यहूदियाँ कै खात्तर
गैर यहूदियाँ तै संगति करणा या उसकै उरै जाणा कानून के
खिलाफ सै, पर परमेसवर नै मेरै तै बताया सै के किसे माणस
ताहीं अपवित्र या अशुद्ध ना कहूँ। 29 ज्यांतै मै जिब बुलाया गया
तो बिना कुछ कहे चल्या आया। इब मै बुझ्झु सूं के मेरै ताहीं
किस काम कै खात्तर बुलाया गया?" 30 कुरनेलियुस बोल्या,
"इस्से घड़ी, पूरे चार दिन होए, मै अपणे घर म्ह दोफाहरै पाच्छै
तीन बजे प्रार्थना करण लागरया था, तो एक माणस चमकीला
बाणा पहरे होए, मेरै स्याम्ही आण खड्या होया 31 अर कहण
लाग्या, 'हे कुरनेलियुस, तेरी प्रार्थनाएँ अर तेरे दान याद कै
खात्तर परमेसवर कै स्याम्ही पोहचे सै। 32 इस करकै किसे नै
याफा नगर भेजकै शमौन जो पतरस कुह्वावै सै, बुलवा ले। वो
शमौन, चमड़े का धन्धा करण आळे कै उरै मेहमान सै, जिसका
घर समुन्दर कै किनारे सै।' 33 फेर मन्नै जिब्बे तेरे धोरै आदमी
भेज्जै, अर तन्नै भला करया जो आ ग्या। इब हम सारे उरै
परमेसवर कै स्याम्ही सां, ताके जो किमे परमेसवर नै तेरे तै
कह्या उस ताहीं सुणां।" 34 फेर पतरस बोल्या, "इब मेरै पक्का
यकिन होग्या के परमेसवर किसे का पक्षपात कोनी करदा,
35 बल्के हरेक जात म्ह जो परमेसवर तै डरै अर धर्म के काम
करै सै, वो उसनै भावै सै। 36 थम जाणो सों के परमेसवर नै
इस्राएल के माणसां ताहीं अपणा संदेश भेज्जा, उसनै शान्ति के
बारै म्ह सुसमाचार सुणाया जो माणसां ताहीं यीशु मसीह पै
बिश्वास करण कै जरिये मिलै सै। 37 वो वचन थमनै बेरा सै,
जो यूहन्ना के बपतिस्मा के प्रचार कै पाच्छै गलील परदेस तै
शरु होकै साब्ते यहूदिया परदेस म्ह फैलग्या। 38 परमेसवर नै
किस तरियां तै यीशु नासरी ताहीं पवित्र आत्मा अर सामर्थ तै
अभिषेक करया, वो भलाई करदा अर सारया ताहीं जो शैतान
के सताए होड़ थे, आच्छा करदा फिरया, क्यूँके परमेसवर उसकै
गेल्या था।" 39 "हम उन सारे काम्मां के गवाह सां, जो उसनै
यहूदिया परदेस अर यरुशलेम नगर म्ह भी करे, अर उननै उस
ताहीं क्रूस पै लटकाकै मार दिया। 40 उस ताहीं परमेसवर नै
तीसरे दिन जिन्दा करया, अर जाहिर भी कर दिया सै, 41 सारे
आदमियाँ पै न्ही बल्के उन गवाह पै जिन ताहीं परमेसवर नै
पैहल्या तै छाँट लिया था, यानिके म्हारै पै जिन नै उसकै मरे
होया म्ह तै जिन्दा उठण कै पाच्छै उसकै गेल्या खाया-पिया, 42
अर उसनै म्हारै ताहीं हुकम दिया के आदमियाँ म्ह प्रचार करो
अर गवाही द्यो, के यो वोए सै जिस ताहीं परमेसवर नै जिन्दा
अर मरया होया का न्यायी ठहराया सै। 43 उसकी सारे नबी
गवाही देवैं सै के जो कोए उसपै बिश्वास करैगा, उस ताहीं उसकै
नाम तै पापां की माफी मिलैगी।" 44 पतरस ये बात कहण ए
लागरया था के पवित्र आत्मा वचन के सारे सुणण आळा पै
उतर आया। 45 अर जितने खतना करे होए बिश्वासी पतरस कै
गेल्या आये थे, वे सारे हैरान होए के गैर यहूदियाँ पै भी पवित्र
आत्मा का दान ढाळा गया सै। 46 क्यूँके उननै उन ताहीं कई
ढाळ की भाषा बोल्दे अर परमेसवर की बड़ाई करदे सुण्या।
इसपै पतरस नै कह्या, 47 "के कोए पाणी नै रोक सकै सै के ये
बपतिस्मा ना पावै, जिननै म्हारै की ढाळ परमेसवर की ओड़ तै
पवित्र आत्मा पाया सै?" 48 अर उसनै हुकम दिया के उननै
यीशु मसीह कै नाम म्ह बपतिस्मा दिया जावै। फेर उननै उसतै
बिनती करी के वो कुछ दिन और उनकै गेल्या रहवै।

**11** फेर प्रेरितां अर बिश्वासी भाईयाँ नै जो यहूदिया परदेस म्ह
थे सुण्या के गैर यहूदियाँ नै भी परमेसवर का वचन मान
लिया सै। 2 आखर म्ह जिब पतरस यरुशलेम नगर म्ह आया,
तो खतना किये होए आदमी उसतै बहस करण लाग्गे, 3 “तन्नै
खतनारहित आदमियाँ कै उरै जाकै उनकै गेल्या खाया।” 4
फेर पतरस नै उन ताहीं शरु तै आखर ताहीं सारा किमे कह
सुणाया 5 “मै याफा नगर म्ह प्रार्थना करण लागरया था, अर
बेसुध होकै एक दर्शन देख्या के एक बड्डी चाद्दर च्यारु कुणयां
तै लटकदी होई, अकास तै उतरकै मेरै धोरै आई।” 6 जिब
मन्नै उसपै गौर करया, तो उस म्ह धरती के चार पैरां आळे अर
बणपशु अर रेंगण आळे जिनोर अर अकास के पंछी देक्खे, 7
अर यो बोल भी सुण्या, “हे पतरस उठ, मार अर खा।” 8 मन्नै
कह्या, “ना प्रभु, ना, क्यूँके कोए अशुद्ध चीज मेरै मुँह म्ह कदे
न्ही गई।” 9 इसकै जवाब म्ह अकास तै दुसरी बर आवाज होई,
“जो किमे परमेसवर नै शुद्ध ठैहराया सै, उस ताहीं अशुद्ध मतना
कहवै।” 10 तीन बर इसा होया, फेर सारा किमे दुबारा अकास
पै खींच लिया गया। 11 जिब्बे तीन माणस जो कुरनेलियुस नै
कैसरिया परदेस तै मेरै धोरै भेज्जे थे, उस घर पै जिसम्ह हम
थे, आण खड़े होए। 12 फेर पवित्र आत्मा नै मेरै तै बेझिझक
होकै उनकै गेल्या जाण खात्तर कह्या, अर छ: भाई भी मेरै
सिखाया गया अर परमेसवर कै खात्तर इसी धुन लारया था,
जिस तरियां थम सारे आज लारे सो। 4 मन्नै माणस अर लुगाई
दोनुआ ताहीं जुड़-जुड़कै अर जेळ म्ह गेर-गेर कै, इस पंथ नै उरै
ताहीं सताया के उन ताहीं मरवा भी दिया। 5 इस बात कै खात्तर
महायाजक अर सारे यहूदी अगुवें गवाह सै, के उनतै मै भाईयाँ
कै नाम पै चिट्ठियाँ लेकै दमिश्क नगर नै चाल्या जाऊँ था, के जो
ओड़ै हों उन ताहीं भी सजा दुवाण कै खात्तर बाँधकै यरुशलेम
नगर लाऊँ। 6 “जिब मै चाल्दे-चाल्दे दमिश्क नगर कै लोवै
पोंहच्या, तो इसा होया के दोपहर कै करीबन चाणचक एक
घणा चाँदणा अकास तै मेरै चौगरदे नै चमक्या। 7 अर मै धरती
पै गिर ग्या अर यो शब्द सुण्या, ‘हे शाऊल, हे शाऊल, तू मन्नै
क्यांतै सतावै सै?’” 8 मन्नै जवाब दिया, “हे प्रभु, तू कौण
सै?” उसनै मेरै तै कह्या, “मै यीशु नासरी सूं,” जिस ताहीं तू
सतावै सै। 9 मेरे साथियाँ नै चाँदणा तो देख्या, पर मेरै तै जो
बोल्लै था उसनै समझ कोनी पाए। 10 फेर मन्नै कह्या, “हे प्रभु,
मै के करूँ?” प्रभु नै मेरै तै कह्या, “उठकै दमिश्क नगर म्ह जा,
अर जो किमे तेरे तै करण कै खात्तर ठहराया गया सै ओड़ै तेरे तै
सब बता दिया जावैगा।” 11 जिब उस चाँदणे के तेज के मारे
मन्नै किमे कोनी दिख्या, तो मै अपणे साथियाँ का हाथ पकड़े
होए दमिश्क नगर म्ह आया। 12 “फेर हनन्याह नामक नियम-
कायदे कै मुताबिक एक भगत माणस, जो ओड़ै के रहणीये सारे
यहूदियाँ म्ह सुनाम्मी था, मेरै धोरै आया,” 13 अर खड़े होकै मेरै
तै कह्या, “हे भाई शाऊल, फेर देखण लाग।” उस्से बखत मेरी
आँख खुलगी अर मन्नै उस ताहीं देख्या। 14 फेर उसनै कह्या,
“म्हारै बाप-दाद्या के परमेसवर नै तेरे ताहीं ज्यांतै ठहराया के तू
उसकी मर्जी नै जाणै, अर उस धर्मी नै देक्खै अर उसकै मुँह की
बात सुणै। 15 क्यूँके तू उसकी ओड़ तै सारे माणसां कै स्याम्ही
उन बात्तां का गवाह होगा जो तन्नै देक्खी अर सुणी सै। 16 इब
क्यांतै वार करै सै? उठ, बपतिस्मा ले, अर उसका नाम लेकै
अपणे पापां की माफी पा ले।” 17 “जिब मै दुबारा यरुशलेम
नगर म्ह आकै मन्दर म्ह प्रार्थना करण लागरया था, तो बेसुध
होग्या, 18 अर उस ताहीं देख्या के वो मेरै तै कहवै सै, ‘तावळ
करकै यरुशलेम नगर तै झट दे-सी लिकड़ज्या,’ क्यूँके वे मेरै
बारै म्ह तेरी गवाही कोनी मान्नैगें।” 19 मन्नै कह्या, “हे प्रभु,
उननै तो खुदे बेरा सै के मै तेरे पै बिश्वास करण आळा नै जेळ
म्ह गेरू अर जगहां-जगहां आराधनालय म्ह छित्वाऊँ था। 20
जिब तेरे गवाह स्तिफनुस का लहू बहाया जाण लागरया था जद
मै भी ओड़ैए खड्या था अर इस बात म्ह सहमत था, अर उसकै

मारणीयां के लत्यां की रुखाळी करूँ था।” 21 अर प्रभु नै मेरै तै
कह्या, “चल्या जा क्यूँके मै तेरे ताहीं गैर यहूदियाँ कै धोरै दूर-दूर
भेज्जूँगा।” 22 माणस इस बात तक उसकी सुणदे रहे, फेर जोर
तै चिल्लाए, “इसे माणस का नाश करो, उसका जिन्दा रहणा
ठीक कोनी!” 23 जिब वे चिल्लान्दे अर लत्ते बगान्दे अर अकास
म्ह धूळ उड़ावै थे, 24 तो पलटन के सरदार नै कह्या, “इस ताहीं
गढ़ म्ह ले जाओ, अर कोड़े मारकै जाँच्चो, के मन्नै बेरा लाग्गै के
माणस किस कारण उसकै बिरोध म्ह इस ढाळ चिल्लावै सै।”
25 जिब उननै उस ताहीं फित्त्यां तै बाँधया तो पौलुस नै उस
सूबेदार तै जो धोरै खड्या था, कह्या, “के यो सही सै के थम
एक रोमी माणस ताहीं, अर वो भी बिना कसूरवार ठहराए होए,
कोड़े मारो?” 26 सूबेदार नै न्यू सुणकै पलटन के सरदार कै धोरै
जाकै कह्या, “तू यो के करै सै? यो तो रोमी माणस सै।” 27
फेर पलटन के सरदार नै उसकै धोरै आकै कह्या, “मन्नै बता,
के तू रोमी सै?” उसनै कह्या, “हाँ।” 28 न्यू सुणकै पलटन
के सरदार नै कह्या, “मन्नै रोमी होण का पद घणे रपिये देकै
मिल्या सै।” पौलुस नै कह्या, “मै तो जन्म तै रोमी सूं?” 29 फेर
जो माणस उस ताहीं जांच्चण पै थे, वे जिब्बे उसकै धोरै तै
हटगे, अर पलटन का सरदार भी न्यू जाणकै के यो रोमी सै अर
मन्नै उस ताहीं बाँधया सै, डरग्या। 30 दुसरे दिन उसनै सही-
सही जाणण की मर्जी तै के यहूदी उसपै क्यांतै दोष लावै सै,
उसके बन्धन खोल दिए, अर प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां
की सभा ताहीं कठ्ठा होण का हुकम दिया, अर पौलुस नै तळै ले
जाकै उनकै स्याम्ही खड्या कर दिया।

23 पौलुस नै यहूदी अगुवां की सभा की ओड़ गौर तै देख्या
अर कह्या, “हे भाईयो, मन्नै आज ताहीं परमेसवर कै
खात्तर जमा-कती सच्चे मन तै जीवन बिताया सै।” 2 इसपै
हनन्याह महायाजक नै उन ताहीं जो उसकै धोरै खड़े थे, उसकै
मुँह पै थप्पड़ मारण का हुकम दिया। 3 फेर पौलुस नै उसतै
कह्या, “हे चुन्ना फिरी होड़ भीत, परमेसवर तेरे ताहीं मारैगा। तू
नियम-कायदे कै मुताबिक मेरा न्याय करण नै बेठ्या सै, अर
फेर के नियम-कायदे कै खिलाफ मेरै ताहीं मारण का हुकम
देवै सै?” 4 जो धोरै खड़े थे उननै कह्या, “के तू परमेसवर कै
महायाजक नै आच्छा-भुंडा बोल्लै सै?” 5 पौलुस नै कह्या, “हे
भाईयो, मन्नै न्ही बेरा था के यो महायाजक सै, क्यूँके वचन म्ह
लिख्या सै: ‘अपणे माणसां के प्रधान नै भुंडा ना बोलिए।’” 6
फेर पौलुस नै न्यू जाणकै के एक टोळ सदूकी अर दुसरा फरीसी
लोग्गां का सै, यहूदी अगुवां की सभा म्ह रुक्का मारकै कह्या,
“हे भाईयो, मै फरीसी अर फरीसी लोग्गां के वंश का सूं, मरे
होया की आस अर पुनरुत्थान कै बारै म्ह मेरा मुकद्दमा होरया
सै।” 7 जिब उसनै या बात कही तो फरीसियाँ अर सदूकियाँ म्ह
दंगा होण लाग्या, अर सभा म्ह फूट पड़गी। 8 क्यूँके सदूकियाँ
का बिश्वास तो न्यू कहवै सै, के ना पुनरुत्थान सै, ना सुर्गदूत अर
ना आत्मा सै, पर फरीसी इन सारया नै मान्नैं सै। 9 फेर घणा
दंगा माच्या अर कुछ शास्त्री जो फरीसियाँ के टोळ के थे, उठ
लिए अर न्यू कहकै दंगा करण लाग्गे, “हम इस माणस म्ह कोए
बुराई कोनी पांदे, अर जै कोए आत्मा या सुर्गदूत उसतै बोल्या
सै तो फेर के होग्या?” 10 जिब घणा दंगा होया, तो पलटन के
सरदार नै इस भय तै के वे पौलुस के टुकड़े-टुकड़े ना कर देवै,
पलटन ताहीं हुकम दिया के उतरकै उस ताहीं उनकै बिचाळै तै
हाँगै तै लिकाड़ै, अर गढ़ म्ह ले जावै। 11 उस्से रात प्रभु यीशु नै
उसकै धोरै खड़े होकै कह्या, “हे पौलुस, धीरज राख, क्यूँके
जिसी तन्नै यरुशलेम नगर म्ह मेरी गवाही देई, उसीए तन्नै रोम
म्ह भी गवाही देणी होगी।” 12 जिब दिन लिकड़या तो यहूदियाँ
नै साजिस रची अर कसम खाई के जिब ताहीं हम पौलुस नै मार
न्ही देवा, जै हम खावां या पीवां तो म्हारै पै धिक्कार सै। 13
जिन नै आप्पस म्ह या कसम खाई थी, वे चाळीस जण्यां तै
घणे थे। 14 उननै प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां कै धोरै जाकै
कह्या, “हमनै न्यू ठान लिया सै के जिब ताहीं हम पौलुस नै
मार न्ही देंदे, जद ताहीं जै किमे चाक्खां तो म्हारै पै धिक्कार
सै। 15 इस करकै इब यहूदी अगुवां की सभा सुधा पलटन के
सरदार नै समझाओ के उसनै थारे धोरै लियावै, मान ल्यो के
थम उसकै बारै म्ह और भी सही तै जाँच करणा चाहवो सो, अर
हम उसकै पोहोचण तै पैहल्याए उस ताहीं मार देण कै खात्तर
त्यार रहवांगें।” 16 पौलुस कै भाण्जै नै सुण्या के वे उसकी टाह
म्ह सै, तो गढ़ म्ह जाकै पौलुस ताहीं संदेशां दिया। 17 पौलुस नै
सूबेदारां म्ह तै एक ताहीं अपणे धोरै बुलाकै कह्या, “इस जवान
नै पलटन के सरदार कै धोरै ले जाओ, यो उसतै किमे कहणा
चाहवै सै।” 18 इस करकै उसनै उस ताहीं पलटन के सरदार कै
धोरै ले जाकै कह्या, “कैदी पौलुस नै मेरै ताहीं बुलाकै बिनती
करी के यो जवान पलटन के सरदार तै किमे कहणा चाहवै सै,
उस ताहीं उसकै धोरै ले जा।” 19 पलटन के सरदार नै उसका
हाथ पकड़कै अर न्यारा जाकै बुझ्झया, “तू मेरै तै के कहणा
चाहवै सै?” 20 वो बोल्या, “यहूदियाँ नै साजिस रची सै के तेरे
तै बिनती करै के काल पौलुस नै यहूदी अगुवां की सभा म्ह
ल्यावै, मान्नो वे और सही ढाळ तै उसकी जाँच करणा चाहवै
सै। 21 पर उनकी मानियो मतना, क्यूँके उन म्ह तै चाळीस कै
उप्पर माणस उसनै मारण की टाह म्ह सै, जिन नै न्यू ठान लिया
सै के जिब ताहीं वे पौलुस नै मार न्ही देवै, जद ताहीं ना खावैगें
अर ना पीवैगें, अर इब वे त्यार सै अर तेरे वचन की बाट देखण
लागरे सै।” 22 फेर पलटन के सरदार नै जवान ताहीं यो हुकम
देकै बिदा करया, “किसे तै ना कहिये के तन्नै मेरै तै ये बात
बताई सै।” 23 फेर उसनै दो सूबेदारां ताहीं बुलाकै कह्या, “दो
सौ सिपाही, सत्तर सवार, अर दो सौ भालैत, रात के नौ बजे
कैसरिया नगर नै जाणकै खात्तर त्यार कर करो। 24 अर पौलुस
की सवारी कै खात्तर घोड़े त्यार राक्खो, के उस ताहीं फेलिक्स
राज्यपाल कै धोरै राज्जी-खुशी तै पोहोचा दे।” 25 उसनै इस
तरियां की चिट्ठी भी लिक्खी 26 महामहिम फेलिक्स राज्यपाल

ताहीं क्लौकियुस लूसियास का नमस्कार। 27 इस माणस ताहीं
यहूदियाँ नै पकड़कै मार देणा चाह्या, पर जिब मन्नै जाण्या के
रोमी सै, तो पलटन लेकै छुड़ा ल्याया। 28 मै जाणणा चाहूँ था
के वे उसपै किस कारण दोष लावै सै, ज्यांतै उस ताहीं यहूदी
अगुवां की सभा म्ह ले गया। 29 फेर मन्नै जाण लिया के वे
अपणे नियम-कायदे कै रोळे कै बारै म्ह उसपै इल्जाम लगावै
सै, पर मार देण जोग्गा या बाँधे जाणकै जोग्गा उस म्ह कोए
कसूर कोनी। 30 जिब मेरै ताहीं बताया गया के वे इस माणस
की टाह म्ह लागरे सै तो मन्नै जिब्बे उस ताहीं तेरे धोरै भेज
दिया, अर बैरियाँ ताहीं भी हुकम दिया के तेरे स्याम्ही उसपै
नालिश करै। 31 आखर म्ह जिसा सिपाहियाँ नै हुकम मिल्या
था, उस्से तरियां ए वे पौलुस नै लेकै रातो-रात अन्तिपत्रिस म्ह
आये। 32 दुसरे दिन वे सवारा नै उसकै गेल्या जाणकै खात्तर
छोड़कै खुद यरुशलेम म्ह बोहड़े। 33 उननै कैसरिया पोहचकै
राज्यपाल ताहीं चिट्ठी दी, अर पौलुस ताहीं भी उसकै स्याम्ही
खड्या करया। 34 राज्यपाल नै चिट्ठी पढ़कै बुझ्झया, "यो किस
प्रान्त का सै?" 35 अर जिब जाण लिया के किलिकिया परदेस
का सै तो उसतै कह्या, "जिब तेरे बैरी भी आवैगें, तो मै तेरा
मुकद्दमा करुँगा।" अर उसनै उस ताहीं हेरोदेस कै किले म्ह पहरे
म्ह राक्खण का हुकम दिया।

**24** पाँच दिन कै पाच्छै हनन्याह महायाजक कई यहूदी
अगुवें अर तिरतुल्लुस नामक किसे वकील नै गेल्या लेकै
कैसरिया नगर आ पोहचे। उननै राज्यपाल कै स्याम्ही पौलुस
कि बुराई करी। 2 जिब पौलुस बुलाया गया तो तिरतुल्लुस
उसपै इल्जाम लाकै कहण लाग्या: "हे महामहिम फेलिक्स, तेरे
जरिये हम राज्जी-खुशी सां, अर तेरे इन्तजाम तै इस जात कै
खात्तर घणीए बुराईयाँ सुधरदी जावै सै। 3 इस ताहीं हम हरेक
जगहां अर हरेक तरियां तै धन्यवाद कै गैल मान्नां सां। 4 मै तेरा
और ज्यादा बखत कोनी लेऊँ, मै तेरे तै बिनती करुँ सूं के दया
करकै दो-एक बात सुण ले।" 5 "बात या सै के इस माणस
ताहीं हमनै एक उत्पाती के रूप म्ह पाया सै, सारी दुनिया के
यहूदिया परदेस म्ह इसनै दंगे भड़काए सै, यो नासरियाँ के पंथ
का नेता सै। 6 उसनै मन्दर ताहीं अशुद्ध करणा चाह्या, पर हमनै
उस ताहीं पकड़ लिया। (हमनै उस ताहीं अपणे नियम-कायदे कै
मुताबिक सजा दे दी होन्दी, 7 पर पलटन के सरदार लूसियास
नै उस ताहीं हाँगै तै म्हारै हाथ तै खोस लिया, 8 अर बैरियाँ
ताहीं तेरे स्याम्ही आण का हुकम दिया।) इन सारी बात्तां नै
जिनकै बारै म्ह हम उसपै इल्जाम लावां सां, तू खुदे ए उसनै
जाँच करकै जाण लेवैगा।" 9 यहूदियाँ नै भी उसका साथ देकै
कह्या, ये बात इस्से ढाळ तै करी सै। 10 जिब राज्यपाल नै
पौलुस ताहीं बोल्लण का इशारा करया, तो उसनै जवाब दिया:
"मै न्यू जाणकै के तू घणे साल्लां तै इस जात का न्याय करण
लागरया सै, खुशी तै अपणा बदले का जवाब देऊँ सूं। 11 तू
आप्पे ए जाण सकै सै जिब तै मै यरुशलेम नगर के मन्दर म्ह
आराधना करण नै आया, मन्नै बारहा दिनां तै बाध कोनी होए,
12 उननै मेरै ताहीं ना मन्दर म्ह, ना आराधनालयाँ म्ह, ना किसे
नगर म्ह किसे तै बहस करदे या भीड़ लगांदे पाया, 13 अर
ना तो वे उन बात्तां ताहीं, जिनका वे इब मेरै पै दोष लावै सै,
तेरे स्याम्ही साच्ची साबित कर सकै सै। 14 पर मै तेरे स्याम्ही
यो मान ल्यु सूं के जिस पन्थ नै वे बुरा पन्थ कहवै सै, उस्से
की रीत पै मै अपणे बाप-दाद्दा के परमेसवर की सेवा करुँ सूं,
अर जो बात नियम-कायदे अर नबियाँ की किताबां म्ह लिक्खी
सै, उन सारया पै बिश्वास करुँ सूं। 15 अर परमेसवर तै आस
राक्खूँ सूं जो वे खुद भी राक्खै सै, के धर्मी अर अधर्मी दोनुआ
का जिन्दा उठणा होवैगा। 16 इसतै मै खुद भी कोशिश करुँ
सूं के परमेसवर की, अर माणसां की ओड़ तै मेरा मन सारी-
हाण बेकसूर रहवै।" 17 "घणे साल्लां पाच्छै मै गरीबां नै दान
पोहोचाण, अर भेंट चढ़ाण आया था। 18 उस्से बखत इननै मेरै
ताहीं मन्दर म्ह, शुद्ध होण की रीति पूरी करते देख्या, ओड़ै ना
कोए भीड़ थी, अर ना ए किसे ढाळ का शोर, पर ओड़ै आसिया
परदेस के कई यहूदी थे 19 जै मेरै बिरोध म्ह उनकै धोरै कोए
बात कहण की हो तो उरै तेरे स्याम्ही आकै मेरै पै इल्जाम लांदे।
20 या ये खुद ए बतावै के जिब मै यहूदी अगुवां की सभा कै
स्याम्ही खड्या था, तो उननै मेरै म्ह कौण सा कसूर पाया? 21
इस एक बात नै छोड़ जो मन्नै उनकै बिचाळै खड्या होकै कही
थी: 'मरे होया के जिन्दा उठण कै बारै म्ह आज मेरा थारे स्याम्ही
मुकद्दमा होण लागरया सै।'" 22 फेलिक्स नै, जो इस पन्थ की
बात सही-सही जाणै था, उन ताहीं न्यू कहकै टाळ दिया, "जिब
पलटन का सरदार लूसियास आवैगा, तो थारी बात का फैसला
करुँगा।" 23 उसनै सूबेदार ताहीं हुकम दिया के पौलुस ताहीं
जेळ म्ह तो राख्या जावै पर उस ताहीं इतनी छूट जरुर दी जावै
के उसके खास साथी आकै उसकी सेवा कर सकै। 24 कुछ
दिनां पाच्छै फेलिक्स हाकिम अपणी घरआळी दुसिल्ला ताहीं,
जो यहूदी थी, गेल्या लेकै आया अर पौलुस ताहीं बुलवाकै उस
बिश्वास कै बारै म्ह जो मसीह यीशु पै सै, उसतै सुण्या। 25
जिब पौलुस धर्म, अर संयम, अर आण आळे न्याय का जिक्र
करण लागरया था, तो फेलिक्स नै भयभीत होकै जवाब दिया,
"इब तो जा, मौक्का मिल तिए मै तन्नै दुबारा बुलवाऊँगा।" 26
फेलिक्स ताहीं पौलुस तै कुछ रपिये मिलण की भी आस थी,
ज्यांतै और भी बुला-बुलाकै उसतै बात करया करै था। 27 पर
जिब दो साल बीतगे तो पुरकियुस फेस्तुस, फेलिक्स की जगहां
पै आया, अर फेलिक्स यहूदियाँ ताहीं राज्जी करण की मर्जी तै
पौलुस ताहीं कैदी ए छोड़ ग्या।

**25** राज्यपाल पद का काम सम्भाळण के तीन दिन बाद
फेस्तुस कैसरिया नगर तै यरुशलेम नगर म्ह गया। 2 फेर
प्रधान याजकां अर यहूदियाँ के खास माणसां नै उसकै स्याम्ही
पौलुस की बुराई करी, 3 के वो खियास करकै पौलुस ताहीं
यरुशलेम नगर भेजदे, असल म्ह उसकी तरकीब राह म्ह मौक्का

देखकै पौलुस ताहीं मारण की थी। 4 फेस्तुस नै जवाब दिया,
“पौलुस कैसरिया म्ह पहरे म्ह सै, अर मै आप्पे ए तावळ तै
ओड़ै जाऊँगा।” 5 फेर बोल्या, “थारे म्ह जो अधिकार राक्खै सै
वे गैल चाल्लै, अर जै इस माणस नै किमे गलत काम करया सै
तो उसपै इल्जाम लावै।” 6 उनकै बिचाळै कोए आठ-दस दिन
रहकै फेस्तुस कैसरिया चल्या गया, अर दुसरे दिन न्याय-गद्दी पै
बैठकै पौलुस ताहीं ल्याण का हुकम दिया। 7 जिब वो आया तो
जो यहूदी अगुवें यरुशलेम नगर तै आये थे, उननै लोवै-धोवै खड़े
होकै उसपै घणे भारया दोष लगाये, जिनका सबूत वे कोनी दे
सकै थे। 8 पर पौलुस नै जवाब दिया, “मन्नै ना तो यहूदियाँ के
नियम-कायदे कै अर ना मन्दर कै, अर ना ए कैसर कै बिरुध्द
कोए अपराध करया सै।” 9 फेर फेस्तुस नै यहूदी अगुवां ताहीं
राज्जी करण के मकसद तै पौलुस तै कह्या, “के तू चाहवै सै के
यरुशलेम नगर नै जावै, अर ओड़ै मेरै स्याम्ही तेरा यो मुकद्दमा
तय करया जावै?” 10 पौलुस नै कह्या, “मै कैसर कै न्याय-गद्दी
कै स्याम्ही खड्या सूं, मेरै मुकद्दमे फैसला उरैए होणा चाहिये।
जिसा तन्नै आच्छी ढाळ बेरा सै, यहूदियाँ का मन्नै किमे अपराध
कोनी करया। 11 जै मै अपराधी सूं अर मारण कै जोग्गा कोए
काम करया सै, तो मरण तै कोनी नाटदा, पर जिन बात्तां की ये
मेरै पै इल्जाम लावै सै, जै उन म्ह तै कोए भी बात साच्ची न्ही
लिकड़ी, तो कोए मेरै ताहीं उनकै हाथ्थां न्ही सौंप सकदा। मै
कैसर की दुहाई द्यु सूं।” 12 फेर फेस्तुस नै मन्त्रियाँ की सभा कै
गेल्या बात करकै जवाब दिया, “तन्नै कैसर की दुहाई दी सै,
तू कैसर कै ए धोरै जावैगा।” 13 कुछे दिन बीतण कै पाच्छै
अग्रिप्पा राजा अर बिरनीके नै कैसरिया म्ह आकै फेस्तुस तै
भेंट करी। 14 उनकै घणे दिन ओड़ै रहण कै पाच्छै फेस्तुस नै
पौलुस कै बारै म्ह राजा ताहीं बताया “एक माणस सै, जिस
ताहीं फेलिक्स कैदी छोड़ ग्या सै।” 15 जिब मै यरुशलेम नगर
म्ह था, तो प्रधान याजक अर यहूदिया परदेस के यहूदी अगुवां नै
उसकी बुराई करी अर चाह्या के उसपै दण्ड का हुकम होवै। 16
पर मन्नै उन ताहीं जवाब दिया के रोमियों की या रीत कोनी के
किसे माणस ताहीं सजा कै खात्तर सौंप देवै, जिब ताहीं मुजरिम
ताहीं अपणे बैरियाँ कै स्याम्ही खड़े होकै दोष का जवाब देण का
मौक्का ना मिलै। 17 आखर जिब वे कठ्ठे होए, तो मन्नै किमे
वार कोनी करी, पर दुसरे ए दिन न्याय-गद्दी पै बैठकै उस माणस
ताहीं ल्याण का हुकम दिया। 18 जिब उसके बैरी खड़े होए, तो
उननै इसी गलत बात्तां की इल्जाम कोनी लाई, जिसा मै समझूँ
था। 19 पर वे अपणे पंथ कै अर यीशु नाम किसे माणस कै बारै
म्ह, जो मरग्या था अर पौलुस उस ताहीं जिन्दा बतावै था, बहस
करै थे। 20 मै उळझन म्ह था के इन बात्तां का बेरा किस ढाळ
लाऊँ? ज्यांतै मन्नै उसतै बुझ्झया, के तू यरुशलेम नगर जावैगा
के ओड़ै इन बात्तां का फैसला होवै? 21 पर जिब पौलुस नै दुहाई
देई के “उसकै मुकद्दमे का फैसला सम्राट कै उरै हो, तो मन्नै
हुकम दिया के जिब तक उस ताहीं कैसर कै धोरै न्ही भेज्जू,
उस ताहीं हिरासत म्ह राख्या जावै।” 22 फेर अग्रिप्पा नै फेस्तुस
तै कह्या, “मै भी उस माणस की सुणणा चाहूँ सूं।” उसनै कह्या,
“तू काल सुण लेवैगा।” 23 आखर म्ह दुसरे दिन जिब अग्रिप्पा
अर बिरनीके बड्डी धूम-धड़ाकै तै आये अर पलटन के सरदारां
अर नगर के खास आदमियाँ कै गेल्या दरबार म्ह पोहचे। फेर
फेस्तुस नै हुकम दिया के वे पौलुस ताहीं ली यावै। 24 फेस्तुस
नै कह्या, “हे राजा अग्रिप्पा, अर हे सारे माणसों जो उरै म्हारै
गेल्या सो, थम इस माणस नै देक्खो सो, जिसकै बारै म्ह सारे
यहूदियाँ नै यरुशलेम नगर म्ह अर उरै भी रुक्के मार-मारकै मेरै
तै बिनती करी के इसका जिन्दा रहणा सही कोनी। 25 पर मन्नै
बेरा पाट लिया के उसनै इसा किमे कोनी करया के मार दिया
जा, अर जिब के उसनै आप्पे ए सम्राट की दुहाई दी, तो मन्नै
उस ताहीं खन्दाण का फैसला करया। 26 मन्नै उसकै बारै म्ह
कोए पक्की बात कोनी पाई के अपणे माल्लिक कै धोरै लिखूँ।
ज्यांतै मै उस ताहीं थारे स्याम्ही अर खासकर हे राजा अग्रिप्पा
तेरे स्याम्ही ल्याया सूं के जाँचे पाच्छै मन्नै किमे लिखण का
मौक्का मिलै। 27 क्यूँके कैदी ताहीं खन्दाणा अर जो दोष उसपै
लगाये सै, उन ताहीं न्ही बताणा, मन्नै खामखां लाग्या सै।”

**26** अग्रिप्पा नै पौलुस तै कह्या, “तेरे ताहीं अपणे बाबत
बोल्लण की आज्ञा सै।” फेर पौलुस हाथ तै इशारा करकै
जवाब देण लाग्या, 2 “हे राजा अग्रिप्पा, जितनी बात्तां का यहूदी
अगुवें मेरै पै इल्जाम लावै सै, आज तेरे स्याम्ही उनका जवाब
देण म्ह अपणे ताहीं धन्य समझूँ सूं, 3 खास करकै ज्यांतै के
तू सारी यहूदी प्रथा अर परेशानियाँ नै भली-भाँति जाणै सै।
इस करकै मै बिनती करुँ सूं, धीरज तै मेरी सुण।” 4 “मेरा
चाल-चलण शरुआत तै अपणी जात कै बिचाळै अर यरुशलेम
नगर म्ह जिसा था, उसका सारे यहूदियाँ नै बेरा सै। 5 जै वे
गवाही देणा चाहवैं, तो तू मेरै ताहीं तब तै पिच्छाणै सै जिब मै
जवान था, के मै फरीसी होकै अपणे धर्म कै सबतै खरे पन्थ
कै मुताबिक चाल्या। 6 अर आज मै परमेसवर के जरिये म्हारे
पूर्वजां नै दिए गये उस वादे की आस के कारण उरै दोषी के रूप
म्ह खड्या सूं। 7 यो वोए वादा सै, जिसके पूरे होण की आस
म्हारे बारहां कुल दिन-रात सच्चाई म्ह परमेसवर की भगति-
आराधना करदे होए आये सै। हे राजा, आज मेरे पै यहूदियाँ के
जरिये मुकद्दमा इस्से आस कै कारण चलाया जाण लागरया सै।
8 जिब के परमेसवर मरे होया नै जिन्दा करै सै, तो थारे उरै या
बात क्यांतै बिश्वास कै जोग्गी कोनी समझी जान्दी?” 9 “मन्नै
भी समझया था के यीशु नासरी कै नाम कै बिरोध म्ह मन्नै
भोत कुछ करणा चाहिये। 10 अर मन्नै यरुशलेम नगर म्ह न्यूए
करया, अर प्रधान याजकां तै हक पाकै घणखरे पवित्र माणसां
ताहीं जेळ म्ह गेरया, अर जिब वे मार दिये जावै थे तो मै भी
उनकै बिरोध म्ह अपणी राय द्यु था। 11 हरेक आराधनालय म्ह मै
उन ताहीं कांल कर-करकै यीशु की बुराई करवाऊँ था, उरै ताहीं
के छो के मारे इसा बावळा होग्या के दुसरे नगरां म्ह भी जाकै

उन ताहीं कांल करुँ था।” 12 “इस्से धुन म्ह जिब मै प्रधान
याजकां तै अधिकार अर हुकम-चिट्ठी लेकै दमिश्क नगर नै जाण
लागरया था, 13 तो हे राजा, राह म्ह दोफारी कै बखत मन्नै
अकास तै सूरज कै तेज तै भी बढ़कै एक चाँदणा, अपणे अर
अपणे गेल्या चाल्लण आळा कै चौगरदे नै चमकदा होड़ देख्या।
14 जिब हम सारे धरती पै पड़गे, तो मन्नै इब्रानी भाषा म्ह, मेरै
तै न्यू कहन्दे होए एक बोल सुण्या, ‘हे शाऊल, हे शाऊल, तू
मन्नै क्यांतै सतावै सै? पैने पै लात मारणा तेरे खात्तर ओक्खा
सै। (जै तू मन्नै सतावैगा तो तू खुद नै सतावैगा)’” 15 फेर मै
बोल्या, “हे प्रभु, तू कौण सै?” प्रभु नै कह्या, “‘मै यीशु सूं,
जिस ताहीं तू सतावै सै। 16 पर तू उठ, अपणे पायां पै खड्या
हो, क्यूँके मन्नै तेरे ताहीं ज्यांतै दर्शन दिया सै के तन्नै उन बात्तां
का भी सेवक अर गवाह ठहराऊँ, जो तन्नै देक्खी सै, अर उनका
भी जिनकै खात्तर मै तन्नै दर्शन दियुँगा। 17 अर मै तन्नै तेरे
माणसां तै अर गैर यहूदियाँ तै बचान्दा रहूँगा, जिनकै धोरै मै इब
तन्नै इस करकै भेज्जू सूं 18 के तू उनकी आँख खोल्लै के वे
अन्धेरै तै चाँदणे कान्ही, अर शैतान कै अधिकार तै परमेसवर कै
कान्ही पलटै, इस करकै के पापां की माफी अर उन माणसां कै
गेल्या जो मेरै पै बिश्वास करण तै पवित्र करे गये सै, वसियत
पावैं।’” 19 “इस करकै हे राजा अग्रिप्पा, मन्नै उस सुर्गीय
दर्शन की बात कोनी टाळी, 20 मन्नै सबतै पैहल्या दमिश्क
नगर कै, फेर यरुशलेम नगर कै, अर फेर यहूदिया परदेस के
बासिन्दा ताहीं, अर गैर यहूदियाँ म्ह भी यो प्रचार करदा रहया के
पाप करणा छोड़कै परमेसवर कान्ही बोहड़ आओ, अर अपणे
सुभाव के जरिये यो साबित करो के थमनै पाप करणा छोड़
दिया सै। 21 इन बात्तां कै कारण यहूदी मन्नै मन्दर म्ह पकड़कै
मार देण की कोशिश करै थे। 22 पर परमेसवर की मदद तै मै
आज ताहीं बण्या सूं छोट्या-बड़या सारया कै स्याम्ही गवाही द्यूँ
सूं, अर उन बात्तां नै छोड़ किमे कोनी कहन्दा जो नबियाँ अर
मूसा नबी नै भी कह्या के होण आळी सै, 23 के मसीह नै दुख
ठाणा होगा, अर वोए सब तै पैहल्या मरे होया म्ह तै जी उठकै,
म्हारै माणसां म्ह गैर यहूदियाँ म्ह चाँदणे का प्रचार करैगा।” 24
जिब वो इस तरियां तै जवाब देण लागरया था, तो फेस्तुस नै
ऊँच्ची आवाज म्ह कह्या, “हे पौलुस, तू बावळा सै। घणे ज्ञान
नै तेरे ताहीं बावळा कर दिया सै।” 25 पर पौलुस नै कह्या,
“हे महामहिम फेस्तुस, मै बावळा कोनी, पर सच्चाई अर बुद्धि
की बात कहूँ सूं। 26 राजा नै भी जिसकै स्याम्ही मै बिना डरे
बोल्लण लागरया सूं, इन बात्तां का बेरा सै, अर मन्नै बिश्वास सै
के इन बात्तां म्ह तै कोए उसतै लुक्ही कोनी, क्यूँके यो वाक्या
गुप्त म्ह कोनी होया। 27 हे राजा अग्रिप्पा, के तू नबियाँ का
बिश्वास करै सै? हाँ, मन्नै बेरा सै के तू बिश्वास करै सै।” 28
फेर अग्रिप्पा नै पौलुस तै कह्या, “तू माड़े-से समझाण तै मन्नै
मसीह बणाणा चाहवै सै?” 29 पौलुस बोल्या, “परमेसवर तै
मेरी प्रार्थना सै के, देर या सबेर तै, पर ये सारे सुणण आळे, जो
आज मेरी बात सुणै सै, वे मेरै समान हो जावै।” 30 फेर राजा
अर अधिकारी अर बिरनीके अर उनकै गेल्या बैठणीये उठ खड़े
होए, 31 न्यायालय तै बाहर लिकाड़कै आप्पस म्ह कहण लाग्गे,
“यो माणस इसा तो किमे कोनी करदा, जो मौत की सजा या
जेळ, म्ह गेरण जोग्गा हो।” 32 अग्रिप्पा नै फेस्तुस तै कह्या,
“जै यो माणस कैसर की दुहाई न्ही देंदा, तो छूट सकै था।”

**27** जिब फेस्तुस राज्यपाल के जरिये यो पक्का होग्या के हम
जहाज कै जरिये इटली देश जावां, तो उननै पौलुस अर
कुछ दुसरे कैदियाँ ताहीं भी यूलियुस नामक औगुस्तुस सम्राट
की पलटन कै एक सूबेदार कै हात्थां सौंप दिया। 2 अद्रमुत्तियुम
नगर के एक जहाज पै जो आसिया परदेस कै किनारे की जगहां
पै जाण पै था, पाणी रास्ते हमनै अपणा सफर शरु करया, अर
अरिस्तर्खुस नामक जो मकिदुनिया परदेस के थिस्सलुनीके नगर
का एक बसिन्दा था। 3 दुसरे दिन हम सैदा नगर पोह्चाये गये,
अर यूलियुस नै पौलुस पै दया करकै उस ताहीं साथियाँ कै उरै
जाण दिया के उनतै जरूरी चीज ले आवां। 4 ओड़ै तै हमनै सफर
दुबारा शरु करया, हवा कै पलट होण कै कारण हम साइप्रस
टापू की ओट म्ह होकै चाल्ले, 5 अर किलिकिया परदेस अर
पंफूलिया किनारे कै लोवै कै समुन्दर म्ह होकै लूसिया के मूरा
नगर म्ह उतरे। 6 ओड़ै सूबेदार नै सिकन्दरिया नगर का एक
जहाज इटली देश जान्दा होड़ मिल्या, अर उसनै म्हारै ताहीं
उस जहाज पै चढ़ा दिया। 7 जिब हम घणे दिनां ताहीं होळे-
होळे चालकै मुश्किल तै कनिदुस कस्बे कै स्याम्ही पोहचे, तो
इस करकै के हवा म्हारै ताहीं आग्गै बढ़ण कोनी देवै थी, हम
सलमोने कै स्याम्ही तै होकै क्रेते टापू की आड़ म्ह चाल्ले, 8
अर उसकै किनारे-किनारे मुश्किल तै चालकै “शुभलंगरबारी”
नामक एक जगहां पोहचे, जित्त तै लसया नगर लोवै था। 9 जिब
घणे दिन बीत लिये अर पाणी कै सफर म्ह जोक्खम ज्यांतै
होवै थी ब्रत के दिन इब बीत लिये थे। आखर म्ह पौलुस नै उन
सारया ताहीं कहकै चेतावनी दी, 10 “हे सज्जनों, मन्नै इसा
लाग्गै सै के इस सफर म्ह मुश्किल अर घणा नुकसान, ना सिर्फ
माळ अर जहाज की बल्के म्हारी जान का भी, होणआळा सै।”
11 पर सूबेदार नै पौलुस की बात्तां तै कप्तान अर जहाज कै
माल्लिक की बात्तां तै बाध मान्या। 12 शुभ लंगरबारी नाम का
बंदरगाह जाड्डा काटण कै खात्तर सही कोनी था, ज्यांतै घणाए
का विचार होया के ओड़ै तै आग्गै बढ़ जावां जै किसे तरियां तै
हो सकै तो फीनिक्स पोहचकै जाड्डा काटै। यो तो क्रेते टापू का
एक बंदरगाह सै जो दक्षिण-पश्चिम अर उत्तर-पश्चिम कान्ही खुलै
सै। 13 जिब दक्षिणी हवा होळे-होळे चाल्लण लाग्गी, तो न्यू
सोच्या के उनकी तरकीब पूरी करण खात्तर बढ़िया बखत था,
लंगर उठाया अर किनारे धोरै होन्दे होए क्रेते टापू कै किनारे
जाण लाग्गे। 14 पर माड़ी वार म्ह धरती कै कान्ही तै बड्डी ए
आँधी उठी, जो “यूरकुलिन” कुह्वावै सै। 15 जिब आँधी जहाज
पै लाग्गी तो जहाज उसकै स्याम्ही ठैहर कोनी सक्या, इस

करकै हमनै जहाज ताहीं हवा के बाहाव छोड़ दिया, अर इस्से
तरियां बहन्दे होए चाल्ले गये। 16 फेर कौदा नामक एक छोट्टे-से
टापू की आड़ म्ह बहन्दे-बहन्दे हम मुश्किल तै डोंगी नै बस म्ह
कर सके। 17 फेर जहाज के मल्लाहां नै उस ताहीं ठाकै सही
उपाय करकै जहाज ताहीं तळै तै रस्यां तै कसकै बाँधया, अर
सुरतिस खाड़ी के चोरबालू पै फँस जाणकै डर तै उननै लंगर
ताहीं थोड़े नीच्चै उतारकै जहाज ताहीं हवा के बाहाव के गैल-
गैल बहण कै खात्तर छोड़ दिया। 18 जिब हमनै आँधी तै घणे
हिचकोले अर धक्के खाए, तो दुसरे दिन वे जहाज का माळ
बगाण लाग्गे, 19 अर तीसरे दिन उननै अपणे हाथ्थां तै जहाज
का साज-सामान भी बगा दिया। 20 जिब घणे दिन ताहीं ना
सूरज, ना तारे दिक्खे अर बड्डी आँधी चाल्दी रही, तो आखर म्ह
म्हारै बचण की सारी उम्मीद जान्दी रही। 21 जिब वे घणे दिन
ताहीं भूखे रह लिये, तो पौलुस नै उनकै बिचाळै खड़े होकै कह्या,
"हे भाईयो, चाहिये था के थम मेरी बात मानकै क्रेते टापू तै
आग्गै ए ना बढ़ते तो या मुसीबत न्ही आन्दी अर ना यो नुकसान
ठान्दे। 22 पर इब मै थमनै समझाऊँ सूं के धीरज राक्खो, क्यूँके
थारे म्ह तै किसे की जान का नुकसान कोनी होवैगा, पर सिर्फ
जहाज का। 23 क्यूँके परमेसवर जिसका मै सूं, अर जिसकी
भगति करुँ सूं, उसके सुर्गदूत नै आखरी रात मेरै धोरै आकै
कह्या, 24 'हे पौलुस, डरै मतना! तन्नै कैसर कै स्याम्ही खड्या
होणा जरूरी सै। परमेसवर नै सारया ताहीं जो तेरे गेल्या सफर
करै सै, जीवन दान दिया सै।' 25 ज्यांतै, हे भले माणसों, सब्र
करो, क्यूँके मै परमेसवर का बिश्वास करुँ सूं, के जिसा मेरै तै
कह्या गया सै, उसाए होगा। 26 पर म्हारै ताहीं किसे टापू पै जा
टिकणा होगा।" 27 जिब चौदहवीं रात आई, अर हम अद्रिया
समुन्दर म्ह भटकदे होए हाँ डरे थे, तो आध्धी रात कै लोवै
मल्लाहां नै अंदाजे तै जाण्या के हम किसे देश कै लोवै पोहच
रहे सां। 28 पाणी की गहराई नाप्पण पै उननै एक सौ बीस फुट
डून्घा पाया, अर थोड़ा आग्गै बढ़कै दुबारा थाह लेई तो नब्बै फुट
पाया। 29 फेर पथरीली जगहां तै टकराण कै डर तै उननै जहाज
की पिछली ओड़ चार लंगर गेरे, अर सबेरै होण की चाह करदे
रहे। 30 पर जिब मल्लाह जहाज पै तै भाजणा चाहवैं थे, अर
गलही तै लंगर गेरण कै बहाणै डोंगी समुन्दर म्ह उतार दी, 31
तो पौलुस नै सूबेदार अर सिपाहियाँ तै कह्या, "जै ये जहाज पै
न्ही रहे, तो थम भी कोनी बच सकदे।" 32 फेर सिपाहियाँ नै
जोड़े काटकै डोंगी गेर दी। 33 जिब सबेरै होण पै था, फेर पौलुस
नै न्यू कहकै, सारया ताहीं खाणा खाण कै खात्तर बिनती करी,
"आज चौदहा दिन होगे सै के थम चिन्ता करते-करते भूखे रहे,
अर किमे न्ही खाया। 34 ज्यांतै थारे तै समझाऊँ सूं के किमे खा
ल्यो, जिसतै थारा बचाव होवै, क्यूँके थारे म्ह तै किसे का सिर
का एक बाल भी कोनी गिरैगा।" 35 न्यू कहकै उसनै रोट्टी लेकै
सारया कै स्याम्ही परमेसवर का धन्यवाद करया अर तोड़कै
खाण लाग्या। 36 इस बात तै वे सारे उत्साहित होकै खाणा
खुवाण लाग्गे। 37 हम सारे मिलकै जहाज पै दो सौ छिहत्तर जणे
थे। 38 जिब वे खाणा खाकै छिक्क लिये, तो गेहूँ ताहीं समुन्दर
म्ह बगाकै जहाज हल्का करण लाग्गे। 39 जिब दिन लिकड़या
तो उननै उस देश ताहीं कोनी पिच्छाणा, पर एक खाड़ी देक्खी
जिसका किनारा चौरस था, अर विचार करया के जै हो सकै तो
इस्से पै जहाज नै टिकावै। 40 फेर उननै लंगरा ताहीं खोल कै
समुन्दर म्ह छोड़ दिया अर उस्से बखत पाल के रस्से ढील्ले
कर दिये, अर हवा कै स्याम्ही आगला पाल चढ़ाकै किनारे कै
कान्ही चाल्ले। 41 पर दो समुन्दर के संगम की जगहां पड़कै
उननै जहाज ताहीं टिकाया, अर आगला भाग तो टिक ग्या, पर
पिछली ओड़ लहरा तै टूटण लाग्गी। 42 फेर सिपाहियाँ का यो
विचार होया के कैदियाँ ताहीं मार देवैं, इसा ना हो के कोए तैर
कै लिकड़ भाज्जै। 43 पर सूबेदार नै पौलुस ताहीं बचाण की
मर्जी तै उन ताहीं इस विचार तै रोक्या अर न्यू कह्या, के जो तैर
सकै सै, पैहल्या छलाँग मारकै किनारे पै लिकड़ जावै। 44 अर
बाकी कोए फट्टा पै, अर कोए जहाज की दुसरी चीज कै सहारै
लिकड़ जावै। इस तरियां तै सारे धरती पै बच लिकड़े।

**28** जिब हम बच लिकड़े, तो बेरा लाग्या के यो माल्टा टापू
कुह्वावै सै। 2 ओड़ै के बासिन्दयां नै म्हारै पै अनोक्खी
दया करी, क्यूँके मिह बरसण कै कारण ठण्ड थी, ज्यांतै आग
सुलगाकै हम सारया ताहीं ठहराया। 3 जिब पौलुस नै लाकड़ियाँ
का भरोटा कठ्ठा करकै आग पै धरया, तो एक साँप आँच पाकै
लिकड़या अर उसकै हाथ तै लिपट गया। 4 जिब उन बासिन्दयां
नै साँप ताहीं उसकै हाथ तै लिपटे होड़ देख्या, तो आप्पस म्ह
कह्या, "साच्चए यो माणस खून्नी सै के फेर भी समुन्दर तै बच
ग्या, तोभी न्याय नै जिन्दा कोनी रहण दिया।" 5 फेर उसनै
साँप ताहीं आग म्ह झटक दिया, अर उस ताहीं किमे नुकसान
कोनी होया। 6 पर वे लोग बाट देक्खै थे के वो सूज जावैगा या
चाणचक पड़कै मर जावैगा, पर जिब वे घणी वार ताहीं देखदे रहे
अर देख्या के उसका किमे भी कोनी बिगड़या, तो अपणा विचार
बदलकै कह्या, "यो तो कोए देवता सै।" 7 उस जगहां कै लोवै-
धोवै उस टापू कै प्रधान पुबलियुस की धरती थी। उसनै म्हारै
ताहीं अपणे घरां ले जाकै तीन दिन मित्तर की ढाळ सेवा-पाणी
करी। 8 पुबलियुस का बाप बुखार अर बवासीर तै बीमार पड्या
था। आखर म्ह पौलुस नै उसकै धोरै कमरे म्ह जाकै प्रार्थना करी
अर उसपै हाथ धरकै उस ताहीं ठीक करया। 9 जिब इसा होया
तो उस टापू के बाकी बीमार पौलुस कै धोरै आये अर वे चंगे करे
गये। 10 उननै म्हारा घणा आदर-मान करया, अर जिब हम
चाल्लण लाग्गे तो जो किमे म्हारै खात्तर जरूरी था, उननै जहाज
पै धर दिया। 11 तीन महिन्ने कै पाच्छै हमनै सिकन्दरिया जावण
आळे जहाज पै सफर शरु करया, यो जहाज ठण्ड़ के कारण
इस टापू म्ह ठैहरा होया था, इस जहाज के आगले भाग पै एक
जोड़ी देवत्यां का एक निशान था। (दियुसकूरी गढ़ी होई थी) 12
सुरकूसा नगर म्ह लंगर गेर कै हम तीन दिन टिके रहे। 13 ओड़ै

तै आग्गै बढ़कै हम रेगियुम नगर म्ह आये, अर एक दिन कै
पाच्छै दक्षिणी हवा चाल्ली, फेर हम दुसरे दिन पुतियुली नगर
म्ह आये। 14 ओड़ै हमनै बिश्वासी भाई मिले, उनकै कहणे तै
हम उनकै उरै सात दिन ताहीं रहे, अर इस तरियां तै हम रोम
देश कान्ही चाल्ले। 15 कुछ बिश्वासी भाई रोम देश तै म्हारी
खबर सुणकै अप्पियुस के चौक अर तीन-सराए ताहीं म्हारै
तै फेटण नै लिकड़ आये, जिन नै देखकै पौलुस नै परमेसवर
का धन्यवाद करया अर बड़ा उत्साहित होया। 16 जिब हम
रोम नगर म्ह पोहचे, तो पौलुस ताहीं एक सिपाही कै गेल्या
जो उसकी रुखाळी करै था, एक्ले रहण का हुकम मिलग्या।
17 तीन दिन कै पाच्छै उसनै यहूदियाँ कै खास माणसां ताहीं
बुलाया, अर जिब वे कठ्ठे होए तो उनतै कह्या, "हे भाईयो, मन्नै
अपणे माणसां कै या बाप-दाद्दा कै बीवारां कै बिरोध म्ह किमे
भी कोनी करया, तोभी कैदी बणाकै यरुशलेम नगर तै रोमी
सरकार कै हाथ्थां सौंप्या गया। 18 उननै मेरै ताहीं जाँचकै छोड़
देणा चाह्या, क्यूँके मेरै म्ह मौत कै जोग्गा कोए कसूर कोनी था।
19 पर जिब यहूदी अगुवें इसकै बिरोध म्ह बोल्लण लाग्गे, तो
मन्नै कैसर की दुहाई देणी पड़ी यो न्ही के मन्नै अपणे माणसां
पै कोए दोष लाणा था। 20 ज्यांतै मन्नै थारे ताहीं बुलाया सै के
थारे तै मिलूं अर बतळाऊँ, क्यूँके इस्राएल की आस कै खात्तर
वो मसीह इस बेल तै जकड़े होए सै।" 21 उननै उसतै कह्या,
"ना हमनै तेरे बारै म्ह यहूदिया परदेस तै चिट्ठी पाई, अर ना
बिश्वासी भाईयाँ म्ह तै किसे नै आकै तेरे बारै म्ह किमे बताया
अर ना बुरा कह्या। 22 पर तेरा विचार के सै? वोए हम तेरे तै
सुणणा चाहवां सां, क्यूँके हमनै बेरा सै के हरेक जगहां इस पंथ
कै बिरोध म्ह माणस बात करै सै।" 23 फेर जो यहूदी पौलुस कै
गैल थे, उननै उसकै खात्तर एक दिन ठहराया, अर घणे माणस
उसकै उरै कठ्ठे होए, अर वो परमेसवर कै राज्य की गवाही देंदा
होया, अर मूसा नबी के नियम-कायदे अर नबियाँ की किताबां तै
यीशु कै बारै म्ह समझा-समझाकै सबेरै तै साँझ ताहीं वर्णन
करदा रहया। 24 फेर कुछां नै उन बात्तां ताहीं मान लिया, अर
कुछां नै बिश्वास कोनी करया। 25 जिब वे आप्पस म्ह एक पंथ
कोनी होए, तो पौलुस की इस बात कै कहण पै चाल्ले गये
"पवित्र आत्मा नै यशायाह नबी कै जरिये थारे बाप-दाद्दा तै
सही ए कह्या था," 26 "जाकै इन माणसां तै कह, के सुणदे तो
रहोगे, पर ना समझोगे, देखदे तो रहोगे, पर ना बुझ्झोगे! 27
क्यूँके 'इन माणसां का मन मोट्टा अर उनके कान भारया हो गये
सै, अर उननै अपणी आँख मूंद ली सै, इसा ना हो के वे कदे
आँखां तै देक्खै अर कान्ना तै सुणै अर मन तै समझै अर पलटै,
अर मै उन ताहीं ठीक करूँ।' 28 "इस करकै थम जाणो सो के
परमेसवर कै इस उद्धार की कथा गैर यहूदियाँ कै धोरै भेज्जी
गयी सै, अर वे स्वीकार करैगें।" 29 जिब उसनै न्यू कह्या तो
यहूदी आप्पस म्ह घणे बहस करण लाग्गे अर ओड़ै तै चले गये।
30 वो पूरे दो साल अपणे किराए कै घर म्ह रहया, 31 अर जो
उसकै धोरै आवै थे, उन सारया तै मिलदा रहया अर बिना रोक-
टोक घणा निडर होकै परमेसवर कै राज्य का प्रचार करदा अर
प्रभु यीशु मसीह की बात सिखान्दा रहया।

# रोमियों

1 या चिट्ठी पौलुस की ओड़ तै सै, जो यीशु मसीह का दास
सै अर परमेसवर के जरिये प्रेरित होण कै खात्तर चुण्या गया
अर उसका सुसमाचार सुणाण खात्तर न्यारा करया गया सै। 2
यीशु के इस दुनिया म्ह आण तै भोत पैहले परमेसवर नै वादा
करया था, के वो नबियाँ कै जरिये इस सुसमाचार ताहीं जाहिर
करै, जिननै इसके बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै। 3 यो
सुसमाचार परमेसवर के बेट्टे के बारें म्ह सै, जो म्हारा प्रभु यीशु
मसीह सै। वो शारीरिक तौर पै तो राजा दाऊद की पीढ़ी तै पैदा
होया, 4 पर पवित्र आत्मा की शक्ति तै मरे होया म्ह तै जिन्दा
होण के कारण परमेसवर का बेट्टा कुह्वाया। 5 मसीह कै जरिये
हमनै अनुग्रह अर प्रेरिताई परमेसवर तै मिली, ताके उसकै नाम
कै कारण गैर यहूदी माणस मसीह म्ह बिश्वास करकै उसकी
मान्नै, 6 थम गैर यहूदी बिश्वासी जो रोम नगर म्ह सों, उन
माणसां म्ह शामिल सों, जिन ताहीं परमेसवर नै यीशु मसीह के
माणस होण खात्तर बुलाया सै। 7 या चिट्ठी रोम नगर के उन
सारे माणसां के नाम सै, जो परमेसवर के प्यारे सै, अर उसके
पवित्र जन होण कै खात्तर बुलाए गये सै। मै प्रार्थना करुँ सूं, के
म्हारै पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै थारे
ताहीं अनुग्रह अर शान्ति मिलदी रहवै। 8 सब तै पैहल्या मै थम
सारया कै खात्तर यीशु मसीह कै जरिये अपणे परमेसवर का
धन्यवाद करुँ सूं, क्यूँके यीशु मसीह म्ह थारे बिश्वास का जिक्र
साब्ती दुनिया म्ह होरया सै। 9 परमेसवर, जिसकी सेवा मै पूरे
मन तै करुँ सूं, अर उसकै बेट्टे के सुसमाचार कै बारै म्ह माणसां
ताहीं बताऊँ सूं, वोए मेरा गवाह सै, के मै अपणी प्रार्थना म्ह
थमनै किस तरियां सारी हाण याद करुँ सूं। 10 अर बिनती करुँ
सूं, के जै हो सक्या तो परमेसवर की इच्छा के मुताबिक मै थारे
तै मिलण भी आऊँ। 11 क्यूँके मै थारे तै मिलण की लालसा
करुँ सूं, ताके मै थमनै कोए आत्मिक आशीष दियुँ जिसतै थम
बिश्वास म्ह मजबूत हो जाओ। 12 मेरे कहण का मतलब यो सै,
के जिब मै थारे तै मिलु, तो मै थारे ताहीं अर थम मन्नै उत्साहित
कर सको, थम मेरे बिश्वास नै जाणकै मजबूत हो जाओ, अर
मै थारे बिश्वास नै जाणकै मजबूत हो जाऊँ। 13 हे बिश्वासी
भाईयो, मै चाहूँ सूं के थम इस बात नै जाणो, के मन्नै कई बार
थारे धोरै आण की योजना बणाई, के मै थारे बीच म्ह उसीए
आत्मिक बढ़ोतरी देख सकूँ, जिसी मन्नै बाक्की गैर यहूदियाँ
म्ह देक्खी सै, पर इब तक मेरे आण म्ह रुकावट ए होन्दी रही
सै। 14 मै उन संस्कारी माणसां का जो यूनानी भाषा अर
सभ्यता नै जाणै सै, अर जो माणस उनकी भाषा अर सभ्यता नै
न्ही जाणते, अर अकलमंद अर बेअक्ल माणसां ताहीं वचन
सुणाण का मन म्ह बोझ राक्खूँ सूं। 15 इस करकै म्ह मै थमनै
भी जो रोम नगर म्ह रहो सो, सुसमाचार सुणाण खात्तर जमा
उत्सुक सूं। 16 क्यूँके मै मसीह के सुसमाचार के बारें म्ह कोनी
सरमान्दा, परमेसवर अपणी शक्ति के जरिये सब नै बचावै सै जो
सुसमाचार पै बिश्वास करै सै, पैहल्या यहूदियाँ ताहीं अर फेर गैर
यहूदी ताहीं। 17 क्यूँके सुसमाचार हमनै बतावै सै, के परमेसवर
अपणी नजर म्ह हमनै किस तरियां धर्मी बणावै सै। जो शरु तै
लेकै अंत तक मसीह पै बिश्वास करण तै हो सै, जिसा पवित्र
ग्रन्थ म्ह लिख्या भी सै, के परमेसवर अपणी नजर म्ह धर्मी जन
बणावै सै, वो बिश्वास तै जिन्दा रहवैगा। 18 परमेसवर का छो तो
उन माणसां की सारी अभगति अर अधर्म के काम्मां के कारण
जो माणस करै सै, सुर्ग तै जाहिर हो सै, वो अपणे सब अधर्म
के काम्मां तै माणस ताहीं, परमेसवर की सच्चाई के बारें म्ह
जाणण तै रोक्कै सै। 19 वे परमेसवर के बारें म्ह इस करकै
सही अर आसान्नी तै जाण सकै सै, क्यूँके परमेसवर नै उन
ताहीं इन बात्तां के बारें म्ह बताया सै। 20 सच यो सै के दुनिया
की शरुआत तै ए परमेसवर के अनदेक्खे गुण, उसकी अनन्त
सामर्थ्य अर उनका परमेसवरत्व, दुनिया म्ह सै, अर दिक्खै
भी सै, इस करकै माणस कै धोरै कोए बहाना कोनी, के वो
परमेसवर नै न्ही जाणता। (aïdios g126) 21 परमेसवर का ज्ञान
होण पै, भी उननै ना तो उस ताहीं परमेसवर होण कै लायक
सम्मान दिया, अर ना ए उसका धन्यवाद करया। इसके उल्ट वो
उसके बारें म्ह बेकार की बात सोच्चण लाग्गे, अर जिसा उन
ताहीं सोचणा चाहिए था उसा न्ही सोच्या, पर बुरा ए सोच्या।
22 वे अपणे-आप ताहीं अकलमंद मानकै बेअक्ले बणगे, 23
अर अविनाशी परमेसवर की महिमा न्ही करी, बल्के नाशवान
माणस, अर पंछियाँ, रेंगण आळे अर चार पैरां आळे जानवरां की
मूर्ति की आराधना करण लाग्गे। 24 इस करकै परमेसवर नै उन
ताहीं उनकै मन की बुरी इच्छा कै मुताबिक गलत काम करण
खात्तर छोड़ दिया ताके वे आप्पस म्ह अपणे शरीरां तै गन्दे काम
करै। 25 क्यूँके उननै परमेसवर के बारें म्ह सच्ची बात्तां ताहीं
जाणण की बजाये झूठ पै बिश्वास करया, अर सृष्टि की चिज्जां
की आराधना अर सेवा करी, ना के उस सृजनहार परमेसवर की
जो सदा खात्तर महिमा के लायक सै! आमीन। (aiōn g165) 26
ज्यांतै परमेसवर नै उन ताहीं उनकी नीच कामनाओं कै बस म्ह
छोड़ दिया, जिस कारण उनकी लुगाईयाँ नै भी प्राकृतिक संभोग
की जगहां अप्राकृतिक संभोग अपणालिया। 27 उस्से तरियां ए
लुगाईयाँ कै गेल्या प्राकृतिक संभोग नै छोड़कै माणस दुसरे
माणस कै खात्तर आप्पस म्ह कामुकता म्ह जळण लाग्गे, अर
माणस का माणस कै गेल्या बेशर्मी के काम करणा उनके उप्पर
दण्ड लेकै आये। 28 अर जिब उननै परमेसवर ताहीं जाणणा
बेवकूफी लाग्या, तो परमेसवर नै भी उन ताहीं उनकै निकम्मे
मन के बस म्ह छोड़ दिया, ताके वे बुरे काम करै। 29 ज्यांतै वे
सारे ढाळ के अधर्म, दुष्टता, लालच, अर बैर-भाव तै भरगे, अर
जळण, हत्या, झगड़े, छळ, ईर्ष्या तै भरगे, अर चुगलखोर, 30
बदनाम करण आळे, परमेसवर तै नफरत करण आळे, बुराई
करण आळे, दुसरयां की बेजती करण आळे, डिंगमार, घमण्डी,

भुंडी-भुंडी बात्तां कै बणाण आळे, माँ-बाप का हुकम ना मानण
आळे, 31 बेअक्ले, बिश्वासघाती, प्यार अर दया की कमी अर
निर्दयी होग्ये। 32 वे तो परमेसवर की या धार्मिक विधि नै जाणै
सै, के इसे-इसे काम करण आळे मौत के दण्ड कै जोग्गे सै,
फेरभी ना सिर्फ आप ए इसे काम करै सै, बल्के इसे काम करण
आळा तै राज्जी भी होवै सै।

2 इस करकै हे मेरे बिश्वासी भाईयो, थम जो कोए भी क्यूँ
ना हो, थारे धोरै इस बात का कोए जवाब कोनी, के थम
जो दुसरयां पै दोष लगाओ सों, तो उस बात के कारण खुद
अपणे-आप पै दण्ड लेकै आओ सों, क्यूँके जिस बात के बारें
म्ह थम उसनै दोषी बणाओ हो, थम खुद भी वोए काम करो
सों। 2 हमनै यो बेरा सै, के परमेसवर उसका न्याय धार्मिकता
कै साथ जरुर करैगा, जो इसे बुरे काम करै सै। 3 जिब के थम
जो इसे-इसे काम करणीया पै दोष लगाओ सों, अर खुद वैए
काम करो सों, के न्यू समझों सों के थम परमेसवर के दण्ड तै
बच जाओगे? 4 के थम परमेसवर की भलाई, सहनशीलता, अर
धीरजरूपी धन ताहीं तुच्छ जाणो सों? के थम न्ही समझते के
परमेसवर की भलाई ए थारे ताहीं पाप छोड़णा सिखावै सै?
5 पर थम हठिल्ले सों, अर पाप करणा न्ही छोड़दे, अर ना ए
अपणे-आपनै बदलना चाहन्दे। इस करकै जिस दिन परमेसवर
अपणा छो दिखावैगा, उस दिन धार्मिकता कै साथ उसका न्याय
जाहिर होवैगा, अर वो थारे ताहीं भारी दण्ड देवैगा। 6 परमेसवर
हरेक नै उसकै काम कै मुताबिक फळ देवैगा। 7 जो माणस
भले काम करते रहवै सै, अर परमेसवर की महिमा, आदर
अर अनन्त जीवन की खोज म्ह लाग्गे रहवै सै, परमेसवर उन
सारया ताहीं अनन्त जीवन देवैगा। (aiōnios g166) 8 पर जो
मतलबी सै अर सच नै कोनी मान्दे, बल्के अधर्म नै मान्नैं सै,
उनपै परमेसवर का छो अर प्रकोप पड़ैगा। 9 क्लेश अर संकट
हरेक माणस पै आवैगा। परमेसवर सबतै पैहल्या यहूदियाँ का
अर बाद म्ह उन माणसां का न्याय करैगा जो गैर यहूदी सै। 10
पर महिमा, आदर अर शान्ति हरेक नै मिलैगी, जो भले काम
करै सै, पैहल्या यहूदी ताहीं फेर उन माणसां ताहीं जो गैर यहूदी
सै। 11 क्यूँके परमेसवर किसे का पक्षपात कोनी करदा। 12
वे सारे गैर यहूदी माणस जिननै परमेसवर के नियम-कायदे
जो मूसा नबी ताहीं मिले थे, उन ताहीं जाणे बिना जिसनै पाप
करया सै, वे नियम-कायदा नै बिना जाणे नाश भी होवैंगें, पर
जिन नै नियम-कायदे नै जाणकै भी पाप करया सै, उनका
न्याय भी नियम-कायदे कै मुताबिक करया जावैगा। 13 क्यूँके
परमेसवर की निगांह म्ह नियम-कायदे कै सुणण आळे धर्मी
माणस कोनी, पर नियम-कायदे पै चाल्लण आळा नै धर्मी
बणावैगा। 14 फेर जिब गैर यहूदी लोग जिनकै धोरै मूसा नबी के
नियम-कायदे कोनी, कुदरती तौर पैए नियम-कायदे की बात्तां
पै चाल्लै सै, तो नियम-कायदे उनकै धोरै ना होण पै भी, उन
ताहीं बेरा सै, के उननै के करणा सै, अर के न्ही करणा। 15
वे नियम-कायदे की बात अपणे-अपणे दिलां म्ह लिखी होई
दिखावै सै अर उनकी अन्तरात्मा भी इसकी गवाही देवैं सै, के ये
बात सच सै, क्यूँके उनके विचार उनपै दोष लगावै सै, या फेर
यो बतावै सै के वो ठीक करै सै। 16 यो सब उस दिन स्पष्ट हो
जावैगा, जिब परमेसवर मेरै जरिये सुणाये गये सुसमाचार के
मुताबिक, माणसां की लुक्ही होई बात्तां का न्याय, यीशु मसीह
कै जरिये करैगा। 17 थम खुद नै यहूदी कुह्वावै सों, अर मूसा
नबी के नियम-कायदे पै भरोस्सा राक्खों सों, परमेसवर थारे पै
दया करै सै, इस कारण थम घमण्ड करण लागरे सों। 18 अर
थमनै परमेसवर की मर्जी का बेरा से, थम आच्छी-आच्छी बात्तां
नै तो चाहो सों, क्यूँके थारे ताहीं ये बात मूसा नबी के नियम-
कायदे म्ह तै सिखाई गई सै। 19 अर थमनै इस बात का पूरा
भरोस्सा सै, के थम आंध्याँ नै राह दिखाण आळे अर अन्धकार
म्ह भटके होए माणसां खात्तर परमेसवर का चाँदणा सों। 20
अर बेअक्लां नै सिखाण आळे अर बाळकां के उपदेशक सों।
थमनै बेरा सै के परमेसवर के नियम-कायदे थमनै पूरी तरियां
तै ज्ञान अर सच्चाई देवै सै। 21 इस करकै थम जो दुसरयां नै
शिक्षा देओ सों, तो अपणे-आपनै शिक्षा क्यूँ न्ही देन्दे? थम
उपदेश देओ सों, के "चोरी ना करियो," के थम खुद चोरी कोनी
करते! 22 थम जो कहवै सों, के "जारी ना करियो," के खुद
जारी कोनी करते? थम जो मूर्तियाँ तै नफरत करो सों, के खुद ए
मन्दरां नै कोनी लूटते? 23 थम जो नियम-कायदे नै जाणण का
घमण्ड करो सों, के नियम-कायदे नै ना मानकै परमेसवर का
अनादर कोनी करते? 24 "थम यहूदियाँ के कारण गैर यहूदियाँ
म्ह परमेसवर के बारें म्ह बुरा भला कह्या जावै सै, जिसा पवित्र
ग्रन्थ म्ह लिख्या भी सै।" 25 मै थमनै कुछ बताऊँ सूं, थारा
खतना करया जाणा जिब्बे फायदेमन्द सै, जिब थम नियम-
कायदा नै मान्नो, जै थम इसा न्ही करते तो थम उन माणसां की
ढाळ सों जिनका खतना न्ही होया। 26 जै बिना खतना करे होए
माणस नियम-कायदे की विधियाँ नै मान्नै, तो परमेसवर उन
ताहीं अपणे माणस क्यूँ न्ही कहवैगा। 27 बिना खतना होए
माणस जो परमेसवर के हुकमां नै मान्नै सै, वे थारी बुराई करैगें
जिनकै धोरै परमेसवर के नियम-कायदे सै जिन ताहीं थम मानते
न्ही। 28 असली यहूदी वो कोनी जो सिर्फ यहूदी माँ-बाप तै पैदा
होया सै, अर ना ए वो असली खतना सै, जो दिखाण खात्तर देह
म्ह करया गया सै। 29 यहूदी वो सै, जो अपणे मन म्ह यहूदी सै,
अर खतना वो सै, जो पवित्र आत्मा के जरिये मन का करया
जावै सै, ना के वो जो नियम-कायदा के मुताबिक करया जावै
सै, इस ढाळ के माणसां की तारीफ माणसां की ओड़ तै न्ही,
पर परमेसवर की ओड़ तै करी जावै सै।

3 कोए कह सकै सै, के भला यहूदी होण का के फायदा,
या खतना कराण का के फायदा? 2 यहूदी होण के भोत
फायदे सै, क्यूँके परमेसवर के वचन यहूदियाँ ताहीं ए सौंपे गये
सै। 3 अगर कुछ यहूदी माणस बिश्वासघाती लिकड़ै भी तो

उसतै के फर्क पड़ै सै? परमेसवर अपणे वादे पूरा करण म्ह
बिश्वास जोग्गा सै, तो इसका यो मतलब कोनी के परमेसवर भी
बिश्वासघाती सै। 4 न्ही! बिल्कुल न्ही! बल्के परमेसवर सच्चा
सै, अर दुनिया का हरेक माणस झूठ्ठा ठैहरै, जिसा पवित्र ग्रन्थ
म्ह परमेसवर के बारें म्ह लिख्या सै, “जिसतै तू अपणी बात्तां
म्ह धर्मी साबित हो अर न्याय करदे बखत तू जीत पावै।” 5
इस करकै जै म्हारे बुरे काम परमेसवर की धार्मिकता साबित
कर देवै सै, तो हम के कह्वां? के न्यू कह्वां के परमेसवर जो छो
करै सै, तो के वो अन्यायी सै? (यो तो मै दुनियावी नजरिये तै
कहूँ सूं)। 6 न्ही! बिल्कुल न्ही! जै परमेसवर यहूदी माणसां
का न्याय सही तरिक्कें तै न्ही कर सकता, तो वो दुनिया के
माणसां का भी न्याय सही तरिक्कें तै न्ही कर सकता? 7 के
कोए कह सकै सै, जै मेरा झूठ परमेसवर की सच्चाई नै दिखावै
अर उसकी महिमा नै बढ़ावै, तो परमेसवर किस तरियां मन्नै
परख के पापी साबित कर सकै सै? 8 कई माणस यो कह के
मेरे पै दोष लगावै सै, के “आओ, हम बुरे काम करा के इसतै ए
कुछ भलाई हो जा।” जो मेरे बिरुध्द इसी बात कहवै सै वो दण्ड
के लायक सै। 9 तो फेर हम के कह सका सां? के हम यहूदी
गैर यहूदियाँ तै आच्छे सां? कदे भी न्ही! क्यूँके हम यहूदी अर
गैर यहूदी दोनुवां पै यो दोष ला चुके सां के वे सारे के सारे पाप
की शक्ति के बस म्ह सै। 10 जिसा के पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या
सै: “कोए भी माणस परमेसवर की नजर म्ह धर्मी कोनी, एक
भी कोनी। 11 कोए भी माणस समझदार कोनी, कोए परमेसवर
का टोह्ळ आळा कोनी। 12 सारे माणस परमेसवर की राह तै
भटक ग्ये सै, सबके सब परमेसवर की नजर म्ह निकम्मे बणगे
सै, कोए भी भलाई करण आळा कोनी, एक भी कोनी। 13
उनका मुँह खुली होई कब्र की ढाळ सै, जिस म्ह तै बदबू आवै
सै। क्यूँके अपणे मुँह तै वे भुंडा बोल्लै सै, अर वे जो भी बोल
बोल्लै सै वो साँप के जहर की तरियां जहरीले सै। 14 उनका
बोल श्राप अर कड़वाहट तै भरया सै। 15 वो लहू बहाण खात्तर
फुर्तीले सै, 16 वे जित्त भी किते जावै सै ओड़ै नाश अर क्लेश
लेकै जावै सै, 17 वे न्ही जाणते के माणसां के गैल खुशी अर
शान्ति तै किस तरियां जीणा सै। 18 उन म्ह परमेसवर का डर
सै ए कोनी।” 19 हमनै बेरा सै के मूसा नबी के नियम-कायदे
जो कुछ कहवै सै, उन्हे तै कहवै सै, जो नियम-कायदे कै अधीन
सै, ताके कोए भी माणस भान्ना न्ही बणा सकै, अर दुनिया के
सारे माणस परमेसवर के स्याम्ही दोषी ठैहराये जावै। 20 क्यूँके
मूसा नबी के नियम-कायदे के पुगाण तै कोए माणस उसकै
स्याम्ही धर्मी कोनी बणैगा, क्यूँके नियम-कायदा कै जरिये हमनै
बेरा लाग्गै सै के हम पापी सां। 21 पर इब नियम-कायदा नै
मान्ने बिना धार्मिकता जो परमेसवर तै मिलै सै, अर जिसके बारें
म्ह मूसा नबी के नियम-कायदा अर नबियाँ की किताब्बां म्ह
भोत पैहले लिख्या सै, के परमेसवर हमनै धर्मी किस तरियां
बणावै सै। 22 मतलब यो के हम प्रभु यीशु मसीह पै बिश्वास
करण तै धर्मी बणा सां, जो यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै सब
माणसां खात्तर सै। क्यूँके परमेसवर की नजर म्ह सब माणस
एक समान सै। 23 क्यूँके सारया नै पाप करया सै, अर सब
परमेसवर की महिमा तै दूर होगे सै, 24 परमेसवर नै म्हारे पै
अनुग्रह करया, के उसनै यीशु मसीह के जरिये म्हारे ताहीं म्हारे
पापां के दण्ड तै छुड़ा लिया, अर म्हारे ताहीं बिना कुछ करे
धर्मी बणाया। 25 परमेसवर नै यीशु मसीह ताहीं म्हारे पाप की
कीमत चुकाण खात्तर इस दुनिया म्ह भेज्जा, यीशु मसीह नै
म्हारे खात्तर अपणा लहू बहा के अपणी जान दे दी। ताके हम
उसपै बिश्वास करण के जरिये परमेसवर कै धोरै आ सकां, अर
उसनै इसा यो दिखाण खात्तर करया, के वो पैहले जमाने म्ह भी
पापी माणसां गैल सबर तै रहण म्ह अर उनके पाप माफ करण
म्ह धर्मी था, बल्के इब भी उसकी धार्मिकता जाहिर हो जावै,
जिसतै वे खुद धर्मी बणै अर जो प्रभु यीशु म्ह बिश्वास राक्खै सै,
वो परमेसवर की नजर म्ह भी धर्मी बण जावै। 27 तो के हम
किसे बात पै घमण्ड कर सकां सां? उसकै खात्तर कोए जगहां
न्ही। के नियम-कायदा के जरिये या उननै मानण कै जरिये सां?
न्ही! पर यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै घमण्ड करां सां। 28
इस करकै हम इस नतीजै पै पोहचे सा, के परमेसवर म्हारे ताहीं
यीशु मसीह पै बिश्वास करण कै जरिये धर्मी बणावै सै, ना के
मूसा नबी के नियम-कायदा ताहीं मानण तै। 29 परमेसवर सिर्फ
यहूदियाँ ए का परमेसवर कोनी, पर वो गैर यहूदियाँ का भी
परमेसवर सै। 30 क्यूँके एक ए परमेसवर सै, जो खतना आळा
नै यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै अर बिन-खतना आळा ताहीं
भी, बिश्वास कै जरिये धर्मी बणावै सै। 31 तो के म्हारा बिश्वास
नियम-कायदे नै बेकार बतावै सै? न्ही! बिल्कुल न्ही! बल्के
इसके उल्ट जिब हम बिश्वास करा सां तो हम समझ जावां सां,
के परमेसवर नै म्हारे ताहीं नियम-कायदा क्यूँ दिये।

**4** तो हम यहूदी होण के नाते म्हारे पूर्वज अब्राहम के बारें म्ह के
कहवा। 2 जै अब्राहम आच्छे काम्मां तै धर्मी बणाया जान्दा,
तो वो इसका घमण्ड कर सकै था, पर वो परमेसवर के स्याम्ही
आच्छे काम्मां के जरिये घमण्ड न्ही कर सकदा। 3 पवित्र ग्रन्थ
के कहवै सै? न्यू के “अब्राहम नै परमेसवर के वादे पै बिश्वास
करया, अर परमेसवर नै उसके बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी
बणा दिया।” 4 जो मेहनत करै सै उसकी मजदूरी नै ईनाम न्ही
कहन्दे, बल्के वो तो उसका हक सै। 5 पर माणस काम्मां के
जरिये धर्मी कोनी बणता, पर भगतिहीन माणस जो परमेसवर
पै बिश्वास करै सै उसके बिश्वास के करण वो धर्मी बणै सै। 6
जिसनै परमेसवर बिना काम्मां कै धर्मी बणावै सै, पवित्र ग्रन्थ
म्ह राजा दाऊद भी धन्य उस ताहीं कहवै सै। 7 “धन्य सै, वे
जिनके अधर्म माफ होए, अर पाप भूला दिये गये। 8 धन्य सै वो
माणस जिसके पापां का हिसाब परमेसवर न्ही राखदा।” 9 के
या आशीष जिन माणसां का खतना हो लिया, उनकै ए खात्तर
सै, या जिनका खतना न्ही होया उन खात्तर भी सै? हम न्यू कह्वां

सां, “अब्राहम नै परमेसवर पै बिश्वास करया, अर परमेसवर नै
उसके बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी बणा दिया।” 10 तो यो
कद होया? खतने की हालत म्ह या बिना खतने की हालत म्ह?
खतने की हालत म्ह कोनी पर बिना खतने की हालत म्ह। 11
जिब अब्राहम का खतना न्ही होया था, जिब भी परमेसवर नै
उस ताहीं स्वीकार करया, अर उस ताहीं धर्मी बणाया, खतने
का निशान अब्राहम ताहीं अपनाण की छाप सै, इस करकै
अब्राहम उन माणसां का आत्मिक पूर्वज सै, जो बिश्वास करै सै
पर जिनका खतना न्ही होया, वो बिश्वास के जरिये धर्मी बणे।
12 अर वो उन खतना करे होए माणसां का आत्मिक पूर्वज सै,
जो ना सिर्फ खतना करे होए सै, पर उनका बिश्वास उसाए हो
जिसा उनके पूर्वज अब्राहम का तब था, जिब उसका खतना न्ही
होया था। 13 परमेसवर नै अब्राहम ताहीं अर उसके वंश ताहीं
पूरी दुनिया देण का वादा करया, यो इस करकै कोनी होया के
अब्राहम नै नियम-कायदा ताहीं मान्या, क्यूँके उसनै परमेसवर
पै बिश्वास करया, इस बजह तै उसनै उस ताहीं धर्मी बणा दिया।
14 अब्राहम अर उसके वंश ताहीं यो वादा इस खात्तर दिया गया,
क्यूँके उननै नियम-कायदा ताहीं मान्या, तो बिश्वास बेकार अर
वादा झूठ्ठा लिकड़या। 15 परमेसवर का छो नियम-कायदा नै ना
मानण आळा पै पड़ै सै, अर जित्त नियम-कायदे कोनी ओड़ै
उसका उल्लंघन भी कोनी। 16 इस बजह तै वादा परमेसवर पै
बिश्वास करण तै मिलै सै, जो अनुग्रह के मुताबिक से, यो वादा
अब्राहम के सारे वंशा ताहीं मिल्या सै, ना कै सिर्फ उन ताहीं जो
माणस मूसा नबी के नियम-कायदा नै मान्नै सै, पर उन माणसां
कै खात्तर भी जो अब्राहम की ढाळ परमेसवर पै बिश्वास करै सै,
क्यूँके अब्राहम ए म्हारे सारया का पूर्वज सै। 17 जिसा पवित्र
ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, “मन्नै तेरे ताहीं घणीए जात्तां का पूर्वज
बणाया सै” परमेसवर की नजर म्ह अब्राहम म्हारा पूर्वज सै।
उननै उस परमेसवर पै बिश्वास करया, जो मरे होया नै जिन्दा
करै सै, अर जो बात सै ए न्ही उनका नाम इसा लेवै सै के मान्नो
वे सै। 18 परमेसवर नै अब्राहम तै कह्या, तेरे भोत-से वंश होवैंगे।
पर अब्राहम नै सोच्या के बुढ़ापे म्ह, मेरै किस तरियां ऊलाद
पैदा होगी? क्यूँके वो तकरीबन सौ साल का हो लिया था, अर
सारा भी बूढ़ी होण के कारण बच्चे पैदा कोनी कर सकै थी। इन
सारी बात्तां तै साफ जाहिर था, के उसके भोत-से वंशज न्ही
हो सकदे, तोभी अब्राहम का बिश्वास कमजोर न्ही होया, वो
परमेसवर के वादे पै बिश्वास करदा रह्या, अर उसनै आस न्ही
तोड़ी। 20 अर ना ए अबिश्वासी होकै परमेसवर कै वादा पै शक
करया, पर बिश्वास म्ह पक्का होकै उसकी महिमा करी। 21 अर
पक्के तौर पै जाण्या के जिस बात का परमेसवर नै वादा करया
सै, वो उसनै पूरा करण म्ह भी सामर्थी सै। 22 अर परमेसवर नै
उसके बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी बणा दिया। 23 अर
पवित्र ग्रन्थ के इस वचन नै, “बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी
बणा दिया।,” ना सिर्फ यो वचन अब्राहम कै खात्तर लिख्या
गया, 24 बल्के म्हारै खात्तर भी जिनकै खात्तर लिख्या गया, जो
बिश्वास के जरिये धर्मी बण जावैगा, यानिके के म्हारै खात्तर, जो
उसपै बिश्वास करा सां, जिसनै म्हारै प्रभु यीशु ताहीं मरे होया
म्ह तै जिन्दा करया। 25 यीशु मसीह म्हारै अपराध्धा कै खात्तर
पकड़वाया अर मारा भी गया, अर म्हारे ताहीं धर्मी बणाण कै
खात्तर परमेसवर नै उस ताहीं जिन्दा कर दिया।

**5** इस करकै जिब हम मसीह पै बिश्वास करण तै धर्मी बणा
दिए गये सां, तो परमेसवर तै म्हारा मेळ-मिलाप अपणे प्रभु
यीशु मसीह कै जरिये हो लिया। 2 बिश्वास कै जरिये मसीह नै
म्हारी पोहच पिता के उस अनुग्रह तक कर दी सै। उस अनुग्रह
म्ह हम बणे होए सां, अर परमेसवर की महिमा की आस म्ह
खुश सां। 3 सिर्फ योए न्ही, बल्के हम मुसीबतां म्ह भी खुश
रहवां, न्यू जाणकै के मुसीबतां तै धीरज, 4 धीरज तै खरयां
लिकड़णा, अर खरे लिकड़ण तै आस होवै सै। 5 अर आस
तै निराशा न्ही होन्दी, क्यूँके पवित्र आत्मा जो परमेसवर नै
म्हारै ताहीं दिया सै, उसकै जरिये परमेसवर का प्यार म्हारै मन
म्ह भरया गया सै। 6 क्यूँके जिब हम कमजोर थे, तो मसीह
परमेसवर के बताये गये सही बखत पै बुरे माणसां कै खात्तर
मरया। 7 किसे धर्मी माणस कै खात्तर कोए जान देवै यो तो
मुश्किल सै, पर शायद कोए भले माणस खात्तर जान देण
खात्तर तैयार हो सकै सै। 8 पर परमेसवर म्हारे पै अपणे प्यार
की भलाई इस तरियां तै साबित करै सै, के जिब हम पापी ए थे,
जिब्बे मसीह यीशु म्हारै खात्तर मरया। 9 जिब के इब यीशु कै
लहू बहाण के कारण परमेसवर नै म्हारे ताहीं अपणी नजर म्ह
धर्मी बणाया सै, तो उसकै जरिये परमेसवर कै छो तै क्यांतै न्ही
बचांगें? 10 क्यूँके जिब हम परमेसवर के बैरी थे, तो उसकै
बेट्टे की मौत कै जरिये म्हारा मेळ-मिलाप परमेसवर कै गेल्या
होया, अर सब तै आच्छी बात या सै, के मेळ-मिलाप हो जाण
के कारण उसकै बेट्टे यीशु मसीह के जरिये दिए गये जीवन
कै कारण म्हारा उद्धार पक्का सै। 11 इब तो म्हारे प्रभु यीशु
मसीह कै जरिये, परमेसवर म्ह म्हारा मेळ-मिलाप होग्या सै,
इस खात्तर हम उस म्ह खुश सां। 12 परमेसवर नै एक माणस
आदम बणाया, जिसकै कारण दुनिया म्ह पाप आया, अर उस
पाप के करण मौत आई, अर इस तरियां तै मौत सारे माणसां
म्ह फैलगी, क्यूँके आदम के वंश होण के कारण सब पापी
बणगे। 13 मूसा नबी के नियम-कायदा कै दिए जाण तै पैहले
भी, दुनिया म्ह माणस पाप करै थे, पर वो पाप गिण्या कोनी
जावै था, क्यूँके ओड़ै नियम-कायदे कोनी थे, जिन ताहीं तोड्या
जा सकै। 14 तोभी आदम तै लेकै मूसा नबी तक सब नै मौत
आई। जिस तरियां आदम नै परमेसवर के हुकम ताहीं तोड्या
उसकी तरियां हमनै उसके हुकम ताहीं न्ही तोड़ा, अर आदम
यीशु मसीह का नमूना था जो आण आळा था। 15 पर आदम
के अपराध अर परमेसवर के अनुग्रह के वरदान के बीच म्ह
एक भोत बड़ा अन्तर सै, क्यूँके जब एक माणस आदम, कै

अपराध करण के कारण, भोत-से माणसां की मौत होई, पर
दुसरे माणस यीशु मसीह के जरिये, परमेसवर का अनुग्रह भोत-
से माणसां पै होया सै। 16 तो परमेसवर के वरदान का नतिज्जा
आदम के पाप तै भोत अलग सै। उसका पाप दण्ड लेकै आवै
सै, पर परमेसवर का वरदान म्हारे ताहीं धर्मी बणावै सै, भलाए
हम कई पापां के दोषी क्यूँ ना हो। 17 क्यूँके एक माणस के
अपराध कै कारण सब नै मौत आई। पर इसतै ज्यादा परमेसवर
का अनुग्रह अर धार्मिकता का वरदान सै, जो उस ताहीं पावै सै,
वो पाप अर मौत पै यीशु मसीह कै जरिये जयवन्त होवै सै, अर
वे उसकै गैल अनन्त जीवन म्ह राज करैगें। 18 जिस तरियां
आदम का अपराध, सारे माणसां कै खात्तर दण्ड लेकै आया,
ठीक उस्से तरियां ए मसीह यीशु के धार्मिकता के काम करण
तै, सारे माणसां नै जिन्दगी मिली, अर वे परमेसवर की नजर म्ह
धर्मी बणै। 19 क्यूँके जिसा एक माणस कै हुकम ना मानण तै
भोत-से माणस पापी बणे, उस्से तरियां ए एक माणस कै हुकम
मानण तै भोत-से माणस धर्मी बणैगें। 20 मूसा के नियम-
कायदे म्हारे ताहीं इस खात्तर दिए गये, ताके माणस देख सकै
के वे कितने पापी सै पर जिब माणस पाप पै पाप करै सै, तो
ओड़ै परमेसवर का अनुग्रह उसतै भी घणा होया करै। 21 सारे
माणसां नै पाप पै पाप करया, अर वे मरगे, पर म्हारे प्रभु यीशु
मसीह कै जरिये परमेसवर का अनुग्रह हमनै धर्मी बणावै सै, अर
म्हारे ताहीं अनन्त जीवन देवै सै। (aiōnios g166)

**6** कोए कह सकै सै? के परमेसवर अपणे अनुग्रह तै म्हारे
पाप माफ करै सै, पर इसा मत सोच्चों के पाप करदे रहवां
ताके अनुग्रह घणा हो। 2 न्ही! बिल्कुल न्ही! हम जिब पाप कै
खात्तर मरग्ये तो हमनै आग्गै तै दुबारा पाप न्ही करणा चाहिए।
